हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 17 जून 2025

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर

तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री

10 बरसात में घर खाली करने की नोटिस से ग्रामीण परेशान



11 हम सब मिलकर करेंगे शिवमहापुराण कथा को सफलः विधायक चंद्राकर



जिले में मानसून सक्रिय हो गया है। इसके असर से सोमवार को दिन में अच्छी बारिश हुई। रात में जमकर पानी गिरा। मौसम विभाग के मुताबिक दक्षिण छत्तीसगढ़ में अटका मानसून आगे बढ़ गया है। यह अगले 48 घंटे में पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय हो जाएगा। इसके असर से दुर्ग जिले में बारिश शुरू हो गई है। जिले में पिछले 24 घंटे के अंदर 57 मिलीमीटर यानी 2 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है।

# मानसून सक्रिय, 24 घंटे में 2 इंच से ज्यादा बारिश

## अगले दो दिन और गिरेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आगामी 48 घंटों में बारिश के आसार बने हुए हैं। इधर बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम था। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.5 डिग्री तक कम रहा। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है। बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के कुछ-कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी है। बाकी जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी। इसके अलावा 60 से 80 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने, अंधड़ की भी आशंका जताई गई है।



### पूरे दिन बादल छाए रहे, हल्की बारिश भी हुई

सोमवार को जिले में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हुई। पूरे दिन बादल छाए रहे। कई इलाकों में बारिश हुई। दुर्ग, भिलाई के अलावा राजनांदगांव, बालोद, बिलासपुर, पेंड्रारोड और अंबिकापुर आदि जगहों पर भी तेज बारिश हुई। मौसम विभाग का कहना है कि 17 और 18 जून से बारिश की मात्रा में वृद्धि होगी। इससे दिन के तापमान में तेजी से गिरावट आएगी। मौसम ठंडा होगा। इससे गर्मी से राहत मिलेगी।

### चार-पांच दिनों तक पूरे प्रदेश में बारिश के आसार

मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि बस्तर में अटका हुआ मानसून भी आगे बढ़ते हुए मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों तक पहुंच गया है। अगले चार से पांच दिन में इसके पूरे छत्तीसगढ़ में पहुंचने की संभावना है। रायगढ़, सक्ती, मुंगेली, कोरबा, रायपुर के गरियाबंद, महासमुंद, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम में अनेक स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। अन्य ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा होगी।

### जिले में 16 जून से पहले हुई थी 39.1 मिलीमीटर बारिश

दुर्ग। जिले में 1 से 16 जून तक 39.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सार्वाधिक वर्षा 65.5 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 8.5 मिमी. धमधा तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 14.8 मिमी, तहसील अहिवारा में 42.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 46.6 मिमी और तहसील दुर्ग में 57.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 16 जून को तहसील दुर्ग में 50.1 मिमी, तहसील धमधा में 1.0 मिमी, तहसील पाटन में 0.0 मिमी, तहसील बोरी में 6.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 27.6 मिमी और तहसील अहिवारा में 27.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## खबर संक्षेप

### सीसीटीवी का विवरण त्रिनयन एप पर करें दर्ज



**भिलाई।** थाना और चौकियों में पेट्रोलिंग ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों की बैठक रखी गई। इसमें एएसपी ग्रामीण अभिषेक झा ने पेट्रोलिंग पार्टियों को दैनिक ड्यूटी में सशक्त और त्रिनयन एप को उपयोग में लाने निर्देश दिया। साथ ही उनके क्षेत्र में स्थित सभी निजी और सरकारी सीसीटीवी कैमरों का विवरण त्रिनयन एप में दर्ज किया करने कहा। यदि किसी कैमरा की एंट्री शेष है तो उसे तुरंत पूर्ण किया जाए और एप में गूगल मैप की सहायता से लोकेशन पिन करें। एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर आयोजित बैठक में एएसपी ग्रामीण झा ने कहा कि साइबर प्रहरी मिशन के अंतर्गत साइबर अपराध में जागरूकता लाने के लिए प्रत्येक पार्टी अपने क्षेत्र में साइबर प्रहरी ग्रुप बनाएं। इसके माध्यम से स्थानीय नागरिक, दुकानदार, ऑटो ड्राइवर, विद्यार्थी, युवा समेत अन्य को जोड़ें। समय-समय पर इन ग्रुपों में साइबर अपराध से बचाव के टिप्स दें। ओटीपी फॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, बैंकिंग के बारे में जागरूक करें। हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर शिकायत पोर्टल की जानकारी साझा करें। सशक्त एप को प्रभावी बनाने के लिए चोरी, लावारिस या शक के आधार पर रोकें और वाहनों को एप के माध्यम से चेक कर चोरीशुदा वाहनों को एप में अपडेट करें। बैठक के बाद पेट्रोलिंग टीम को अलग से एक सीयूजी/सरकारी नंबर वितरित किया गया।

### सड़क हादसे में मौत

**भिलाई।** सड़क पार कर रहे व्यक्ति की सड़क हादसे में मौत हो गई। मामले में कुम्हारी पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध कायम किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि बनडबरी थाना बसना जिला महासमुंद निवासी हरिलाल 14 जून को की सुबह रायपुर से दुर्ग रोड एनएच 53 तिरूपति राईस मिल के पास जंजगिरी कुम्हारी के पास ट्रक क्रमांक सीजी 22 डब्लू 9283 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए हरिलाल को चपेट में लिया।

### हथियार लेकर गुण्डागर्दी करने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर गुंडागर्दी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा लिया है। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नहर नाली एसीसी कालोनी जामुल के पास धारदार हथियार तलवारनुमा कटर लेकर लोगों डरा धमकाने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजीव नगर छावनी निवासी दीपक कुमार राणा को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस ने धारदार हथियार तलवारनुमा कटर जब्त किया।

## समस्या ऐसी भी: टाउनशिप के सैकड़ों क्वार्टरों में नहीं लगी डामरशीट

# बच्चों की पढ़ाई के दौरान किताबों में टपकेगा पानी, रसोई भी होगी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

*दस्तक देता बारिश का मौसम इस साल फिर टाउनशिप के बीएसपी कर्मचारी रहवासियों की चिंता बढ़ा रहा है। सैकड़ों क्वार्टरों में अब तक डामरशीट (टारफील्टिंग) नहीं लगाने से सीपेज और सीलन की विकट समस्या से रहवासियों को जूझना पड़ेगा। इस मामले में नगर सेवाएं विभाग उदासीन बना हुआ है । यूनियनों ने जल्द टारफील्टिंग कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।*

वर्षा का मौसम सन्निकट है। लेकिन अब तक टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों के बीएसपी आवासों में डामरीशीट नहीं लगाई गई है। टाउनशिप के बीएसपी क्वार्टर पचास साठ साल पुराने होने के कारण पिछले कई साल से छत व दीवारों से बारिश का पानी अंदर सीपेज होता है। इससे रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

इस साल भी अब तक सेक्टर एक से सेक्टर दस और रिसाली व मड़ौदा सेक्टर के सैकड़ों तिमंजिला मकानों की छतों पर अब तक डामरशीट लगाने का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। यूनियनों के मुताबिक पिछले लंबे समय से विभाग को जर्जर मकानों की लिस्ट सौंपने के साथ छतों पर टारफील्टिंग किए जाने की मांग की जा रही है। लेकिन सैकड़ों आवासों में अब तक डामरीशीट नहीं लगाई गई है। इसके चलते इस साल फिर रहवासियों को सीपेज, सीलन से परेशान होना पड़ेगा। एटक के महासचिव वीके सोनी ने बताया कि टारफील्टिंग काम गर्मी में ही पूर्ण कर लिया जाना चाहिए। लेकिन बारिश आने को है और अब तक सैकड़ों मकानों में समस्या बनी हुई है।

### बारिश में चार महीने रहेगी सीपेज की समस्या

चार महीने मुश्किल होता है रहवास



टाउनशिप के अधिकतर मकान पुराने होने से जर्जर हो चुके हैं। दीवारें, स्लैब, खिड़कियां और छतों चारों ओर की दीवारें भी प्लास्टर छोड़ चुकी हैं। रहवासियों ने बताया कि तीन चार घंटे तक बारिश होने पर मकानों की छतों पर पानी भर जाता है। सीपेज व सीलन की समस्या शुरु हो जाती है। बच्चों के पढ़ते समय किताबों व कापियों में पानी टपकता है और रसोई बनाना भी मुशिकल हो जाता है। टायलेट व बाथरुम में पानी टपकता है। सीपेज से घरों के अंदर रखा स्टेशनरी सामान, राशन किराना कपड़े व दवाइयां आदि भी भीग जाती हैं। सीलन से दीवारों पर काई जम गई है। पेंट की परतें उखड़ जाती है। वहीं सीलन से सर्द खांसी व चर्मरोग आदि की शिकायतें बनी रहती हैं।

### खुद पैसे देकर बाहर से लगवा रहे शीट

बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग द्वारा हर साल वर्षों पुराने बीएसपी आवासों की छतों पर डामरीशीट लगाने का काम ठेके प दिया जाता है। लेकिन किसी भी साल सभी मकानों में यह काम पूरा हीं पाता है। इसके चलते कई बीएसपी कर्मी खुद बाहर से डामरशीट खरीद कर अपने मकानों में लगवा रहे हैं। इससे उन्हें अतिरिक्त भार पड़ रहा है। सेक्टर, 1, सेक्टर 4 और सेक्टर 8 आदि में कई सेक्टरों के पचासों मकानों में कई रहवासी पालीथीन या दूसरे वैक्लिप तरीके से सीपेज बचाव में जुट गए हैं। यूनियनों ने बताया कि आवासों के अलावा बीएसपी के कई सार्वजनिक भवनों में भी बारिश में सीपेज की समस्या आएगी।

## 10.82 लाख व 20 मोबाइल भी जब्त, 18 गिरफ्तार

# सभ्रांत घर के लड़के जुआ खेलते पकड़ाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

अंजोरा पुलिस ने पृथ्वी पैलेस के करीब जुआ खेलते 18 लड़कों को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पुलिस ने 18 जुआरियों को पकड़ा। आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में अधिकांश शहर के सभ्रांत घर से आते हैं। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ग्राम महमरा पृथ्वी पैलेस बाउण्ड्रीवाल के पीछे में जुआ खेलते जुआरियों को पकड़ा गया है। जुआरियों में नंदनी रोड भिलाई निवासी दिनेश जोशी, राजीव नगर दुर्ग निवासी साहिल हरनखेडे, पप्पू साहू, शिवपारा निवासी गोपी सोनकर, ऋषभ ग्रीन सिटी संदीप सिंह, नरेश जैन, ब्राम्हण पारा दुर्ग भवीन जैन, मठपारा दुर्ग निवासी चंदन सोनवानी, उरला टेकेश्वर देवांगन, नया पारा रोड दुर्ग निवासी हर्ष देवांगन, कर्मचारी नगर दुर्ग निवासी

- अंजोरा पुलिस की कार्रवाई, मुखबिर की सूचना पर दबिश

भुनेश्वर चंद्राकर, रुआबांधा हेमलाल ढीमर, तकियापारा दुर्ग निवासी खुशाल सरवैया, गांधी चौक निवासी मनय जैन, सिंधी कालोनी निवासी विनोद गोवानी, शंकर नगर दुर्ग निवासी भूपेन्द्र गुप्ता सहित अन्य शामिल हैं। जुआरियों के पास से पुलिस ने 10.82 लाख रुपए व 20 नग मोबाईल बरामद किया गया है।

### भिलाई-3 में कार की ठोकर से युवक की मौत

**भिलाई।** बिजली ऑफिस के सामने भिलाई-3 में तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे व्यक्ति को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में व्यक्ति को गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने कार सीजी 04 एनए 2545 के चालक ने पैदल सड़क पार कर रहे विष्णु यादव को जोरदार ठोकर मार दी। जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉ ने चेक कर मृत घोषित कर दिया।

## ग्रीन वैली में रेड्डी अन्ना एप से सट्टा का संचालन करने वाला धरा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई



स्मृति नगर पुलिस की कार्रवाई

ऑन लाइन सट्टा रेड्डी अन्ना एप का संचालन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ स्मृति नगर पुलिस ने कार्रवाई किया है। मुखबिर की सूचना पर चौहान ग्रीन वेली में दबिश दी गई। जहां से संतराबाड़ी दुर्ग निवासी जितेन्द्र कुमार शर्मा को पकड़ा गया है। उसके पास से पुलिस ने विभिन्न कंपनियों का 12 एटीएम कार्ड, 3 पास बुक ,2 चेक बुक, तीन सिम, दो मोबाईल बरामद किया है। आरोपी के मोबाइल से वाटसअप ग्रुप में आनलाईन गेमिंग सटटा एप में 30 बैंक खातों का उपयोग आनलाईन सटटा रेड्डी अन्ना एप के लिए किया जाना पाया गया। बैंक खातों को होल्ड भी कराया गया है। आरोपी से पुलिस ने दो हजार नगद और कुल 1.20 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

## वाहन को कंपनी में लगाने का झांसा देकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी से 14.40 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

बड़ी कंपनियों में वाहन लगाने का झांसा देकर ट्रांसपोर्ट कारोबारी से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दोनों युवको के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि ग्राम मोरीद वार्ड 39 उतई निवासी शोभाराम साहू ट्रांसपोर्ट का काम करता है। लोकेश नेताम और स्वपनिल शिंदे ने पीड़ित को बताया कि रूलबर्ड वाईट साफटेक प्राय. लिमि के डॉयरेक्टर है। उनके यहां 12 पहिया वाले वाहन लगने का झांसा दिया। झांसे में आकर कारोबारी ने अपने वाहन सीजी 07 सीएल 9025, सीजी 07 सीएन 9027, सीजी 07 सीएन 9029,

- कुसमुंडा माइंस के नाम पर वाहन लिया गया

सीजी 07 सीआर 9031,सीजी 07 सीआर 9032,सीजी 07 सीजी 8891 उक्त वाहन शोभा ट्रांसपोर्ट के नाम से भिलाई-दुर्ग में चल रहा था। उसे निकाल कर 10 जनवरी 2025 को कुसमुंडा माइंस में लगाने के नाम पर लोकेश नेताम और स्वपनिल शिंदे भिलाई तीन से लेकर चले गए। पीड़ित का कार्यालय भिलाई तीन स्थित विठ्ठलपुरम से संचालित है। आरोपियों ने प्रति वाहन 2.40 लाख रुपए देने का झांसा पीड़ित को दिया था। इस तरह माह भर का 14 लाख 40 हजार रुपए दोनों ने कारोबारी को नहीं दिया है। संदेह होने पर पीड़ित ने कुसमुंडा माइंस जाकर पता करने पर बताया गया कि लोकेश नेताम और स्वप्निल शिंदे दोनों ने वाहन के नाम पर एडवांस उठा चुके है और वाहन भी निकालकर साथ ले गए। जानकारी लगने पर कारोबारी दोनों युवकों ने फोन रिसीव नहीं किया।

## स्कूल में ताला लगा देख विद्यार्थी लौटे, नहीं मिली कोई जानकारी

# शरारती तत्वों ने तोड़ी बाउंड्री, नहीं हो सकी पूरक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

जामुल थाना अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर में असामाजिक तत्वों ने घुसकर तोड़कर कर बाउंड्रीवाल को नुकसान पहुंचाया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है, लेकिन अपराध दर्ज नहीं किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक हायर सेकंडरी स्कूल के मुख्य गेट पर ताला लटका था। स्कूल की बाउंड्री में तोड़फोड़ की गई। सोमवार से कक्षा 9 वीं की पूरक परीक्षा परीक्षाएं शुरू होनीं थीं। लेकिन गेट पर ताला देखकर कई छात्र लौट गए। प्राचार्य संजय शर्मा के मुताबिक 2-3 दिन पहले अज्ञात व्यक्ति जेसीबी मशीन लेकर विद्यालय गेट तोड़कर भीतर घुसा और बाउंड्री को डैमेज कर दिया। खबर लगते ही स्कूल प्रबंधन ने जामुल पुलिस में शिकायत की है। शिकायत के आधार पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। मौके पर पंचनामा कार्रवाई की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विद्यालय में सुरक्षा चूक को लेकर पालकों में आक्रोश है। जामुल विद्यालय में हुई घटना को लेकर पुलिस जांच में जुटी हुई है। जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जा रही है। राजस्व विभाग के प्रतिवेदन के बाद अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया जाएगा।




### चोरी की वारदात बढ़ी

जामुल थाना क्षेत्र में दो माह में करीब 20 से अधिक मकान और दुकानों में चोरी की वारदात हुई है। जिसे लेकर आसपास के लोगों में खौफ का माहौल है। इसे लेकर सुरडुंग, शिवपुरी, रावण भाठा, लेबर कैंप और झुग्गी एरिया में चोरी की घटनाएं हो चुकी है। इसकी शिकायत जामुल पुलिस थाने में पहले भी किया जा चुका है। लेकिन जामुलवासियों की सुरक्षा व्यवस्था अब तक नहीं हो पा रहा है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने कई बार पुलिस से भी गुहार लगाई है। यहां असामाजिक तत्वों का हमेशा ढेरा लगे रहता है।

### छात्रों में संशय, अब कब होगी परीक्षा

इधर घटना के बाद से स्कूल में पूरक परीक्षा देने वाले छात्रों के सामने संशय की स्थिति निर्मित हो गई है। उन्हें अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पूर्व निर्धारित समय में परीक्षा नहीं हो पाई है। अब नई तारीख कब घोषित होगी। परीक्षा को लेकर स्कूल में क्या कुछ तय किया गया है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक परीक्षा की नई तिथि जल्द घोषित की जाएगी। इसके बाद परीक्षा कराई जाएगी। स्कूल में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों को लेकर पहले भी कई बार शिकायत की गई है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं किया गया है।




पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### प्लेसमेंट पूर्व साक्षात्कार प्रशिक्षण का आयोजन

दुर्ग। सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय द्वारा प्रिज्म कॉलेज एवं सेठ आरसीएस कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय के साथ एमओयू के तहत प्लेसमेंट से पूर्व साक्षात्कार प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रिज्म कॉलेज के प्लेसमेंट अधिकारी देशना गर्ग एवं कंचन गांगूली द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में महाविद्यालय के 50 चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया गया और प्लेसमेंट से पूर्व साक्षात्कार हेतु विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सभी छात्र-छात्राएं प्रिज्म ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन में 8 से 12 जुलाई के मध्य आयोजित उड़ान प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा एवं प्लेसमेंट अधिकारी पवनदीप कौर ने दी।

### घरों के आसपास न हो जलभराव : महापौर

दुर्ग। वार्डों में विभिन्न जगहों पर सड़कों, नालियों के किनारे जानवरों को पानी देने के लिए पात्र रखे गए हैं, जिनमें जल भराव के कारण स्वच्छ पानी में डेंगू के लार्वा उत्पन्न होने की अत्यधिक संभावना है, जिससें डेंगू फैलने की संभावना है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जन स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुये समस्त नगरवासियों से कहा है कि अपने घरों के आसपास पात्रों में या अन्य स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने दें। रोजाना पात्र को साफ कर पानी बदलें अथवा वर्षा ऋतु अवधि में पात्रों को उलट कर रखें, जिससे ज़ल भराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को

दुर्ग। योगा संगम एवं हरित योग की थीम पर इस पर वर्ष भी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिलास्तर पर किया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में सुबह 6 से 7 बजे के मध्य किया जाएगा।

### 11 हितग्राहियों को नोटिस जारी

दुर्ग। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 11 हितग्राहियों को जिनके नाम पर मकान आवास बनाये जाने के लिए राशि जारी की जा चुकी है। उसके पश्चात भी हितग्राहियों के अपूर्ण आवास को पूर्ण नहीं किया जा रहा और ना ही रुचि ली जा रही। बार-बार सूचना के बाद भी उनके द्वारा ना ही मकान बनवाया जा रहा और ना ही जारी राशि लौटाया जा रहा है। अतः अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से 11 हितग्राहियों को 13 जून को नोटिस जारी कर 23 जून को न्यायालय में उपस्थित होने कहा गया है। संतोष जनक जवाब नहीं दिए जाने पर उचित कार्यवाही की जाएगी। नोटिस में मीना शर्मा पति विनोद शर्मा वार्ड 7, प्रेमा कौर पति नरेन्द्र सिंह वार्ड 18, विकास कुमार ताम्रकार पिता घनश्याम वार्ड 30, मंजुलता ताम्रकार पति मनोज ताम्रकार वार्ड 30, अनिता साहू पति गोपाल साहू वार्ड 56 आदि शामिल हैं।

# नंबर प्लेट में मनमानी वसूली, मोबाइल लिंक में भी मांग रहे राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने के नाम पर च्वाइस सेंटर में जमकर मनमानी वसूली की जा रही है। दोपहिया से लेकर चार पहिया वाहनों में नंबर लगाने निर्धारित दर से अधिक की राशि वसूली का आरोप कांग्रेसियों ने लगाया हैं। कांग्रेसियों ने साफतौर पर कहा है कि, अगर इस पर लगाम नही लगाई गई तो वे उग्र आंदोलन भी करेगें।

चॉइस सेंटरों द्वारा खुलेआम टू-व्हीलर के लिए अधिकृत शुल्क 365 है, लेकिन कई सेंटर 700 से 1800 तक की राशि वसूल रहे हैं। फोर-व्हीलर के मामले में 900 से 1100 तक की अवैध वसूली की जा रही है। वही आम जनता से मोबाइल नंबर लिंक करने के नाम पर 100-200 रुपये लिया जा रहा है। नगर निगम के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) पहुंचकर अधिकारी एसएल लकड़ा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, परमिट, फिटनेस, रेडियम और जीपीएस जैसी अनिवार्य प्रक्रियाओं में व्याप्त अव्यवस्था, लापरवाही और मनमानी वसूली को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फतेह सिंह भाटिया, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, पूर्वी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली, कांग्रेस प्रवक्ता सुशील भारद्वाज, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, गौरव उमरे, युवा कांग्रेस प्रदेश संयोजक चिराग शर्मा, अमोल जैन , आयुष शर्मा ,अंश चतुर्वेदी एवं दिव्यांश साहू उपस्थित थे।

## पूर्व महापौर की अगुवाई में सौंपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

### कंपनी डिमांड पूरी नहीं कर पा रही, हो कार्रवाई

पूर्व महापौर बाकलीवाल ने कहा दुर्ग शहर में वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत लगभग 6 लाख वाहन हैं, जिनमें से अब तक केवल 48 हजार वाहनों की ही नंबर प्लेट बदली जा सकी है। उन्होने कहा शुरूआती दौर से ही हाई सिक्योरिटी नंबर लगाने को लेकर आम लोग परेशान हो रहे है। इसके बाद भी विभाग के अधिकारी मौन है। उन्होने कहा जिले में एक ही कंपनी से कार्य कराया जा रहा है। लेकिन कंपनी डिमांड को पूरी नही कर पा रही है। जिसका खामियाजा आम जनता को झेलना पड रहा है।



### हर वार्ड में निशुल्क शिविर लगाने की मांग

कांग्रेस पार्टी की मांग है कि नंबर प्लेट प्रक्रिया को पारदर्शी, सरल और समयबद्ध किया जाए। साथ ही, मनमाने शुल्क वसूलने वाले चॉइस सेंटरों के प्रसाशन द्वारा कार्यवाही की जाए। परिवहन अधिकारी एसएल लकडा ने बताया कि, जिले में चालीस परिवन सुविधा केन्द्र आवेदन लिया जा रहा हैं। इसके आलावा च्वाइस सेंटर से भी आवेदन कर रहे है, जिले में नौ सौ से अधिक च्वाइस सेंटर संचालित है। परिवहन अधिकारी ने कहा कि च्वाइस सेंटर से अगर ज्यादा राशि ली जा रही हैं तो एनआईसी को पत्र लिखा जाएगा।

## निरीक्षण : बीएसपी संयंत्र तक पानी की आपूर्ति होगी पूरी, दूर होगी समस्याएं

# भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय क्रमांक दो तक जल आपूर्ति के लिए करीब 322 करोड रूपए का प्रोजेक्ट कार्य जल्द ही पूरा होगा। करीब 18 किमी की दूरी वाली इस परियोजना का कार्य पूरा होने के बाद जहां बीएसपी संयंत्र को डिमांड के अनुसार पानी की आपूर्ति होगी, वहीं इस प्रोजेक्ट के अमल में जाने से महानदी परियोजना और खरखरा जलाशय से निर्भरता दूर हो जाएगी। बहरहाल यह कार्य 70 फीसदी तक पूरा हो चुका है।

विगत दिनों जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने निरीक्षण कर अफसरों को निर्माण कार्य जल्द पूरा किए जाने के निर्देश दिए है। भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना 322 करोड़ लागत से पूर्ण होगी। भरदा-मरोदा जल आपूर्ति परियोजना का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उक्त परियोजनाओं का जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों से परियोजना की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान श्री कश्यप ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ कार्य पूर्ण करने निर्देश दिए है। उन्होनें कहा कि यह परियोजना शासन की जन कल्याण की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है और इसके सफल समापन से क्षेत्र में जल सुरक्षा एवं विकास की नई दिशा स्थापित होगी। यह न केवल लाखों नागरिकों को शुध्द एवं निर्बाध जल उपलब्ध कराएगी, बल्कि हमें जल संरक्षण के प्रति भी सजग करेगी।

शिवनाथ मण्डल दुर्ग अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि, परियोजना के सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मापदंडो एवं भारतीय मानकों के अनुरूप निष्पादित किए जा रहे है। पाइप लाइन निर्माण में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं स्थायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत ने बताया कि, इस परियोजना की परिकल्पना से लेकर क्रियान्वयन तक का हर चरण वैज्ञानिक आकड़ों, स्थलाकृतिक विश्लेषण, पाइप लाइन प्रेशर हैड कैल्कुलेशन और हाइड्रोलिक मॉडलिंग पर आधारित है। 3500 मिमी व्यास की उच्च गुणवत्ता युक्त एमएस पाईप भारतीय मानकों के अनुरूप कोटिंग व ज्वांइटिंग व्यवस्था के साथ स्थापित की जाएगी, ताकि दशको तक निर्बाध जल प्रवाह सुनिश्चित हो सके।

स्थल निरीक्षण के दौरान दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महानदी गोदावरी कछार रायपुर के मुख्य अभियंता सतीश कुमार टीकम, शिवनाथ मण्डल दुर्ग के अधीक्षण अभियंता सुरेश कुमार पाण्डेय, तांदुला जल संसाधन संभाग के कार्यपालन अभियंता आशुतोष सारस्वत, अनुविभागीय अधिकारी गोपी शर्मा, डी.एन. शुक्ला, आरके सोनी, रोहन शॉ, पीएन साहू, कुलेश्वर जोशी, उपअभियंता गौरव सिंह, मुकेश अहिर सहित अन्य सभी तांदुला जल संसाधन के उपअभियंता मौजूद रहे।

### खास बातें

- मंत्री ने शनिवार को किया प्रोजेक्ट का निरीक्षण, पूरा करने सख्त निर्देश
- भरदा कोनारी से मरोदा प्रोजेक्ट शुरू होने से बीएसपी को मिलेगी भरपूरा पानी

### मंत्री केदार कश्यप ने परियोजना का किया स्थल निरीक्षण



### खराखरा से रूदा एनीकट 1486 करोड़ से बनेगा

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा प्रोजेक्ट के आलावा जल संसाधन विभाग द्वारा खरखरा जलाशय से रूदा एनीकट तक एम.एस. पाइप लाईन जल आपूर्ति परियोजना करीब 1486 करोड की लागत से तैयार किया गया है। इस परियोजना का प्रस्ताव विभाग ने राज्य शासन को भेजा है। इसकी स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना शुरू की जाएगी। इस परियोजना की कुल लागत 1486 करोड़ और लम्बाई लगभग 48 किलोमीटर होगी। इससे मुख्य लाभ जल संरक्षण, अपव्यय में कमी, उर्जा बचत और विस्तृत जल आपूर्ति क्षेत्र (दुर्ग, भिलाई, रिसाली, जामूल, उतई ग्राम इरा चंदखुरी एवं आसपास के क्षेत्र)। परियोजना के पूर्ण होनें पर भिलाई इस्पात संयंत्र एवं एन.एस.पी.सी.एल. औद्योगिक संस्थान को गैर मानसून अवधि में वर्तमान एवं भविष्य की मांग को अपव्यय रहित जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा।

### भेजा प्रस्ताव

खरखरा से रूदा एनीकट परियोजना का प्रोजेक्ट राज्य शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने पर कार्य शुरू किया जाएगा। वही भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा का प्रोजेक्ट 70 फीसदी पूर्ण हो गया है। जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। **-आशुतोश सारस्वत,** ईई जलसंसाधन विभाग दुर्ग

### महानदी नदी और खरखरा में बचेगा पानी

भरदा कोनारी एनीकट से मरोदा जलाशय क्रमांक 2 तक जल आपूर्ति परियोजना के अस्तित्व में आने से बीएसपी को अब महानदी और खराखरा जलाशय पर निर्भर नही होना पडेगा। बल्कि मरोदा तक पानी आने से करीब 100.76 एम.सी.एम. जल की बचत होगी। अफसरों ने बताया कि, भरदा कोनारी से मरोदा तक आपूर्ति से भिलाई इस्पात संयंत्र की डिमांड पूरी होगी। बल्कि इस प्रोजेक्ट से अब महानदी जलाशय परियोजना एवं खरखरा जलाशय में कुल 100.76 एम.सी.एम. जल की बचत होंगी, जिसका उपयोग कृषि, उद्योग, पेयजल के क्षेत्रों में उपयोग सुनिश्चित किए जाने की प्लानिंग है। यह प्रोजेक्ट में 1800 मि.मि. व्यास की माइल्ड स्टील पाइपलाइन, 6 अत्याधुनिक पंप, 33 केवी विद्युत आपूर्ति, नवीनतम आर.सी.सी. नहर एवं नियंत्रण प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। बहरहाल परियोजना का कार्य लगभग 70 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

# बरसात में घर खाली करने की नोटिस से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार आज डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी।

- जनदर्शन में आज 122 आवेदन प्राप्त हुए

जनदर्शन में विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 122 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत बिरेझर थाना अंजोरा निवासियों ने पट्टा प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामीण महिलाओं ने बताया ग्रामीण परिवार पिछले 8-10 वर्षों से पंचायत की भूमि पर कच्चा मकान बनाकर निवास कर रहे हैं। इन परिवारों के पास स्वयं की कोई निजी भूमि नहीं है। भूमि स्वामित्व प्रमाण न होने के कारण ये परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

ग्राम पंचायत द्वारा हाल ही में परिवारों को मकान खाली करने का नोटिस दिया गया है, जिससे बरसात के मौसम में उनके लिए गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। ग्राम चंदखुरी के कृषकों ने बताया उनकी कृषि भूमि ग्राम चंदखुरी नाला क्रमांक 11 के पास स्थित है। हाल में बनी सड़क की ऊंचाई अधिक हो जाने के कारण बरसात का पानी नाले में भरकर कृषि भूमि की ओर बहता है, जिससे वहां डूबान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। आगामी बारिश में फसल को भारी नुकसान हो सकता है।

कृषकों का कहना है कि जब सड़क निर्माण हो रहा था, तब उन्होंने इस संभावित समस्या से अवगत कराया था। जब पिछले वर्ष खरीफ की फसल जलभराव के कारण खराब हो गई, तब भी उन्होंने निर्माण एजेंसी को पक्का नाली निर्माण के लिए आवेदन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। कृषकों ने मांग की है कि स्थायी समाधान के रूप में पक्का नाली का निर्माण कराया जाए, ताकि बरसात में उनकी कृषि भूमि जलभराव से सुरक्षित रह सके।

### सड़क पर लग रही मुर्गा दुकान

घासीदास निवासियों ने बताया कि, वार्ड 23 जामुल थाना रोड पर अनावश्यक रूप से दुकान की क्षमता से ज्यादा बड़ा बोर्ड लगाकर मुर्गा दुकान संचालित किया जा रहा है। मुर्गा रखने के लिए बड़े-बड़े जालियां सड़क की ओर लगा दी गई है, जिससे राहगीरों और वाहनों की आवाजाही में रुकावट हो रही है। सड़क किनारे की नाली को भी बंद कर दिया गया है, जिससे जल निकासी बाधित हो रही है।

# एथलेटिक्स स्पर्धा में दुर्ग की बेटियों ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नागपुर (महाराष्ट्र) में चल रहे एचसीएल फाउंडेशन स्पोर्ट्स फार चेंज के सातवें चरण में मध्यक्षेत्र

- विजेताओं का किया गया सम्मान, बढ़ाया हौसला

जोनल स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दुर्ग की बेटियों ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स रिले में 54.62 सेकंड में पुरा करते हुए कांस्य पदक हासिल किया। मिक्स रिले में दुर्ग की बेटी कुमकुम यादव, शिया चौहान एवं कोरबा के योगेन्द्र सिंह एवं सिद्धार्थ यादव ने परचम लहराया। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स टीम की ओर कोच बीआर यादव सुश्री लाडली खिलाड़ी (दुर्ग) एवं गिरजाशंकर धीवर (कोरबा) है। ज्ञातव्य हो कि, छत्तीसगढ़ टीम की ओर से खेलगांव खम्हरिया से एथलेटिक्स, धनोरा से कबड्डी पाऊवारा से खो-खो बालक एवं दुर्ग की बालिका टीम एथलेटिक्स एवं खो-खो टीम कुल 26 खिलाड़ी कोच मैनेजर भाग लेने पहुंचे हैं। चार दिनों तक चल रहे इस स्पर्धा में राजस्थान, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश कुल 5 राज्यों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के लिए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव, जिपं. अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, अल्का बाघमार महापौर, जीएस बाम्बरा चेयरमेन छ.ग. एथलेटिक्स एसोसिएशन व अध्यक्ष महेन्द्र आहूजा, सचिव रवि. राजा, विनोद नायर एनआईओएस कोच सुनील नायर, कोच बालकदास डहरे आदि उपस्थित थे।

# स्वशासी स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सभी परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ द्वारा स्वशासी स्नातकोत्तर द्वितीय एवं

- तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं 23 जून से

चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा के सभी परिणाम घोषित कर दिए गए है। विद्यार्थी परीक्षा परिणाम महाविद्यालय की वेबसाईट अथवा स्वयं आकर नोटिस बोर्ड पर



अवलोकन कर सकते है। स्वशासी परीक्षा प्रकोष्ठ की नियंत्रक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने बताया कि घोषित परीक्षा परिणामों में एम.ए. भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र तथा एमएसडब्ल्यू एवं एम.कॉम. के अलावा विज्ञान संकाय के एम.एससी भौतिक, गणित, रसायन, वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, माइक्रोबायलॉजी, बायोटेक्नालॉजी, पीजीडीसीए, एम.लिब आईएससी आदि शामिल है। डॉ. सलूजा बताया कि स्नातकोत्तर विषयों के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को तृतीय सेमेस्टर में अध्ययन के लिए महाविद्यालय में नियमित रूप से प्रवेश लेना होगा। तृतीय सेमेस्टर की नियमित कक्षाएं 23 जून से संचालित होना प्रस्तावित है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह के अनुसार स्नातक स्तर की प्रायोगिक परीक्षाएं 1 जुलाई से आरंभ होकर 10 जुलाई के बीच आयोजित होगी। प्रत्येक विद्यार्थी विभिन्न विभागों में अपनी प्रायोगिक परीक्षाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त करने विभागों के नोटिस बोर्ड का अवलोकन करते रहें। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए पहली मेरिट सूची 17 जून को महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट पर चस्पा कर दी जायेगी। इस सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थी 18 से 21 जून तक महाविद्यालय में अपने दस्तावेज का वेरिफिकेशन कराकर ऑनलाईन रूप से निर्धारित शुल्क अदा कर प्रवेश ले सकते हैं।

# योग दिवस की तैयारियों में जुटे, व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग जिले के समस्त आयुष संस्थान द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं अन्य स्कूलों में 21 जून को आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग रैलियों, पाम्प्लेट्स वितरण एवं चलित वाहन द्वारा योग का प्रचार-प्रसार एवं जन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय द्वारा तुलाराम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग सत्र में योग का मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रभाव, आहार और विहार पर व्याख्यान दिया गया।

## योग दिवस से अभियान की शुरूआत, प्रत्येक बूथ में लगेंगे 50 पौधे

# अभियान चलाकर भाजपाई रोपेंगे 807 बूथ में पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आगामी 21 जून को योग दिवस के साथ ही भाजपा जिलेभर के 807 बूथों में पौधरोपण करेगी। इसके लिए प्रत्येक बूथ में पचास पौधे

- योग दिवस के दिन से शुरु होगा अभियान

लगाए जाने का टारगेट रखा गया है। योग दिवस के दिन से जिले में इस अभियान की शुरूआत होगी।

जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने बताया कि, इसके लिए प्रत्येक बूथ प्रभारी को जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके आलावा एक पेड मां के नाम से भी पौधरोपण किया जा रहा है। बताया गया कि, विश्व योग दिवस के अवसर पर 21 जून 2025 को वार्ड क्रमांक 7 डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन गार्डन शिक्षक नगर, दुर्ग में योग का कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम तहत पेड़ भी लगाया जाएगा।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सुश्री सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल जी,जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, जिला कार्यक्रम संयोजक जितेन्द्र वर्मा, शहर विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा उपस्थित रहेंगे।



### शिक्षक नगर में योग दिवस का आयोजन

आगामी 21 जून को शिक्षक नगर गार्डन वार्ड सात में सुबह छः बजे से आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को जिला भाजपा दुर्ग, चेम्बर ऑफ़ कामर्स एवं इंडस्ट्रीज, टाटा टिस्कान, चन्द्राकर ट्रेडर्स, ज़िला आर्थिक प्रकोष्ठ, चण्डी शीतला मंडल, शिक्षक नगर गार्डन समिति, पतंजलि योग समिति की प्रशिक्षण टीम कार्यक्रम करेगें। कार्यक्रम में आप सभी जिला में निवासरत राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, समस्त एम.आई.सी.सदस्य, पार्षदगण, समस्त मोर्चों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य, समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी, छाया पार्षदगण, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी भी रहेगें।

:: शपथपत्र ::

मैं शपथकर्ता घनश्याम पटेल उम्र 21 वर्ष पिता नंद कुमार पटेल निवासी- 37 पटेलपारा ग्राम करेली तहसील बोरी जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ :-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड 8832 7932 0395 में मेरा नाम धन श्याम पटेल (**DHAN SHAYM PATEL**) पिता नन्द कुमार पटेल (**NAND KUMAR PATEL**) अंकित है। इसी प्रकार मेरे मतदाता परिचय पत्र क्रमांक **YVZ2187813** में मेरा नाम घनश्याम पटेल (**GHANSHAYM PATEL**) पिता नंद कुमार पटेल (**NAND KUMAR PATEL**) अंकित है।
3. यह कि मेरे जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम घनश्याम पिता नंदकुमार अंकित है।
4. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजो व दाखिला पंजी में मेरा नाम घनश्याम पिता नंदकुमार अंकित है।

5 यह कि मैं अपना सही व वास्तविक नाम घनश्याम पटेल (**GHANSHAYM PATEL**) पिता नंद कुमार पटेल (**NAND KUMAR PATEL**) के नाम से गजट प्रकाशन करवाने इसी आधार पर मेरे शैक्षणिक दस्तावेजो, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित करवाने बाबत आवश्यक दस्तावेज श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

सत्यापनः- मैं शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि शपथपत्र कि कुल कंडिका क्र. 01 से लेकर 05 तक दी गई समस्त जानकारी विश्वास से सही एवं सत्य है अतः आज मैं दिनांक 12/06/2025 स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। **घनश्याम**
**शपथकर्ता**

# युक्तियुक्तकरण के विरोध में कांग्रेसियों ने की शिक्षा विभाग की घेराबंदी

## कांग्रेस ने कहा-प्रदेश की भाजपा सरकार ने युवाओं, महिलाओं और किसानों को ठगने के बाद अब शिक्षक को भी ठगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

पूरे प्रदेश में इन दिनों युक्तियुक्तकरण का मामला प्रदेश व्यापी मामला बन चुका है। इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोला। कांग्रेस के द्वारा वर्तमान की भाजपा सरकार को इस युक्तियुक्तकरण जैसी योजनाओं को लागू करने से युवाओं से छल, शिक्षकों से छल एवं तकरीबन 10 हजार से ज्यादा स्कूलों को बंद करने का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं धमधा ब्लॉक शिक्षा विभाग को कांग्रेसियों ने घेराबंदी कर अपना विरोध प्रदर्शन किया। वहीं इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के आह्वान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में यह घेराव किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि किस प्रकार भाजपा की सरकार ने महज अपने 2 साल के कार्यकाल में प्रदेश की शिक्षकों से छला हुआ व्यवहार कर रही है और वहीं स्कूलों को बंद करके सैकड़ों के तादाद पर प्रदेश में शराब की दुकान गांव-गांव में खोल रहे हैं। श्री ठाकुर ने बताया कि यह युक्तियुक्तकरण का फैसला सरकार का एक तुगलक फरमान है जो कि आम आदमी शिक्षक गण पर जबरदस्ती थोपा जा रहा है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजीव गुप्ता ने बताया कि चुनाव के वायदे और जमीनी स्तर के कार्य में यह सरकार बिल्कुल जीरो प्रतिशत काबिज पाई जा रही है। चुनाव में किए गए वादों के विपरीत इस बीजेपी सरकार ने युवाओं को महिलाओं को किसानों को केवल और केवल ठगने का कार्य किया है। गांव-गांव में शराब भट्टी खुलवाकर अपराध को और भी बढ़ावा देने का कार्य कर रही है जिसका विरोध हम पूरे कांग्रेसियों के द्वारा हमेशा जनहित में किया जाएगा और किया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सभापती शमशेर कुरैशी, दुर्ग जिला पंचायत सदस्य दानेश्वर साहू, ब्लॉक युवा कांग्रेस के अध्यक्ष मधुसूदन राणा, जीवन निर्मलकर, जितेंद्र वर्मा, ज्वाला साहू, चंदशेखर वर्मा, तुलाराम रत्नाकर, देवेंद्र चंदेल, अग्नू पाल, प्रहलाद यादव, अनिल साहू, रोमन पटेल, कन्हैया साहू, मंत्री सेन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रजत नायक, उमेश यादव, देवनाथ सोनकर, हिम्मत ढीमर, निर्मल जैन, संदीप गुप्ता, नंद निर्मल, राधे साहू, परमेश्वर साहू, सुमंत ताम्रकार, मनोज यादव, लुमेश्वर पटेल, द्वारिका वर्मा, धर्मेन्द्र साहू, हरख साहू, हेमंत बंजारे, ईश्वरीय निर्मलकर, हीरा साहू, होरीलाल साहू, शांतनु साहू, स्वरूप



### युक्तियुक्त करण का आदेश जबरदस्ती सौंपा जा रहा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवकुमार वर्मा ने बताया कि पूरे प्रदेश में इन दिनों अराजकता और अपराध का गढ़ बन चुका है। किसी भी कार्यालय में बिना रिश्वत आम आदमी और किसानों का कार्य नहीं किया जाता ऐसे में शिक्षा जैसी बड़ी व्यवस्था से खिलवाड़ करना मतलब छत्तीसगढ़ के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना साबित हो रहा है जहां पूरा प्रदेश का जनता इस युक्तियुक्त करण के विरोध में है वहीं सरकार के द्वारा अपने इस आदेश को जबरदस्ती लोगों को सौंपा जा रहा है इसके विरोध में कांग्रेस पार्टी तैनात है। वही इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा विभाग धमधा का घेराव किया गया और अनुविभागीय अधिकारी को राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौंपा एवं युक्तियुक्तकरण आदेश को हटाने की मांग की।

## खबर संक्षेप



### नगर पंचायत में कांग्रेस पार्षद कक्ष की मांग की

**पाटन।** पूरा कांग्रेस पार्षद नगर पंचायत पाटन में सोमवार को जेडी से एक कक्षा की मांग पर चर्चा की गई। साथ ही साथ नगर में पियो जल एवं सफाई व्यवस्था पर चर्चा की। इस अवसर पर नगर पंचायत के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ने नगर पंचायत में कांग्रेस पार्षद लंबे समय से एक कक्षा की मांग कर रही है लेकिन मांग पूरा नहीं होने पर जेडी से मुलाकात कर अपनी बातें रखी। वहीं अगर मांगें पूरी नहीं हुई तो दरी बिछाकर बैठने की चेतवानी दी। उप नेता प्रतिपक्ष दीपक यादव ने भी पानी की मुद्दा को उठाया जब से बीजेपी की सरकार बनी है तब से पाटन नगर पंचायत की जनता त्रस्त हो गए हैं। आए दिन पानी की किल्लत होने लगी है, वहीं सोमवार को भी नल में पानी नहीं आया। गर्मी और उमस में जनता परेशान हो रही है लेकिन बीजेपी को लोगों के ऊपर दया नही आ रही है। इस दौरान पार्षद पुरुषोत्तम कश्यप, सरजू साहू, मनोज कुर्रे, वीरेंद्र कौशिक आदि मौजूद थे।

### अतिक्रमण रोकने पाटन में चला बुलडोजर



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में सोमवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई देखने को मिला। नगर पंचायत का अमला पुलिस बल के साथ स्वामी आत्मानंद चौक पहुंची। यहां पर दो ठेला वाले के द्वारा आत्मानंद चौक के सामने ही शेड लगा करके व्यापार शुरू कर दिया था जिससे कि आत्मानंद चौक की सुंदरता पर ग्रहण लग रहा था। इसे देखते हुए नगर पंचायत के हमले ने आज दो दुकानदारों पर कार्रवाई की दोनों ही दुकान के सेट एवं अन्य सामग्री को जप्त किया गया। इसके अलावा नया बस स्टैंड में भी एक अतिक्रमणकारी पर कार्रवाई की गई है वहां पर भी दुकान से बाहर शेड लगा करके वह व्यापार कर रहे थे। नगर पंचायत पाटन को सुशासन तिहार के अवसर पर इन सभी की शिकायत मिली थी जिस पर कार्रवाई की गई है। यह भी बताया जा रहा है कि नगर पंचायत का यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और अतिक्रमण करने वालो पर कठोर कार्रवाई किए जाने की भी चर्चा चल रही है।

## विभिन्न स्कूलों में सोमवार से नवप्रवेशी बच्चों का किया स्वागत

# छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराकर हर्षोल्लास के साथ मनाया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर दुर्ग में 16 जून को नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कक्षा 9वीं में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को स्कैन की गई पुस्तकों का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ, जिसमें विद्यालय के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दोनों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला और डिजिटल संसाधनों के सदुपयोग के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत ने कहा कि नई तकनीक के साथ पढ़ाई को जोड़ना समय की मांग है। स्कैन की गई किताबें छात्रों को कभी भी और कहीं भी अध्ययन का अवसर प्रदान करेंगी।

शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोतीलाल मारकंडे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, "शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार से विद्यार्थियों को लाभ होगा और वे प्रतिस्पर्धा की दौड़ में आगे बढ़ सकेंगे। कार्यक्रम में अभिभावकों, शिक्षकगण और कर्मचारियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की। विद्यार्थियों में नई किताबें मिलने पर उत्साह का माहौल रहा। जिसमें शाला के शिक्षकगण बीके गंगराले, सरस्वती उमरे, आरके देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र कुमार साहू, पूर्णिमा कोसले, एम साहू, एम तिवारी, उषा ठाकुर, एल जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता योगी, गुलशन चंद्राकर, तरुण साहू आदि उपस्थित थे।

### विनायकपुर स्कूल में विद्यार्थियों को किया पुस्तक वितरण



### गातापार स्कूल में नये शिक्षक का स्वागत



जामगांव आर। शासकीय प्राथमिक शाला गातापार में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कक्षा पहिली में प्रवेश लेने वाले बच्चों एवं नये शिक्षक झामन लाल सोनवानी का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। सभी बच्चों को गणवेश वितरण की गई। इस कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समित के अध्यक्ष केशवराम ठाकुर, प्रभारी प्रधान पाठिका भुनेश्वरी नेताम, अंबिका साहू, देवेन्द्र साहू, उत्तम सिंह यादव, ब्रजकिशोर साहू, कुसुमलता साहू, खेमलाल साहू आदि शामिल हुए।

### बागडूमर में मना शाला प्रवेश उत्सव



**अहिवारा।** ग्राम बागडूमर में शासकीय प्राथमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों को उत्साह देखने को मिला। सरपंच दामिनी साहू के नेतृत्व में तिलक लगाकर छात्रों काअभिनंदन किया गया। प्रधान पाठक ने कहा विद्यालय का प्रथम दिवस सबसे महत्वपूर्ण होता है। छात्रों का मुख्य लक्ष्य शिक्षा प्राप्ति के साथ चरित्र निर्माण होना चाहिए। सरपंच सुश्री दामिनी साहू सभी छात्रों को साला प्रवेश उत्सव का बधाई दिया। उनके उज्वल भविष्य का कामना की। सरपंच द्वारा शिक्षकों को सम्मान भेट किया गया। इस दौरान सरपंच सुश्री दामिनी साहू , अमित साहू, पंच सकून यादव पंच ,प्रधान पाठक अशोक रामटेक, सरिता साहू, मांडवी मौजूद थे।

### विद्यार्थियों को किया गणवेश वितरण



**सेलूद।** शासकीय प्राथमिक शाला सेलूद में प्रवेश उत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जनप्रतिनिधि के माध्यम से बच्चो को गणवेश वितरण किया गया और मातृ शक्ति द्वारा बच्चों को नेवता भोजन में खीर पुड़ी वितरण किया गया और साथ ही साथ जन प्रतिनिधि के माध्यम से पौधारोपण किया गया जिसमे उपसरपंच राकेश साहू, विधायक प्रतिनिधि संगीता ठाकुर, पंच करण धनकर, धनंजय साहू, सुनीता ठाकुर, खोइलीन बारले, अनुपमा देवांगन, नीतु बंछोर, शाला विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, पुलकित कुरै प्रधान पाठक सरिता कुंजाम, सहायक शिक्षक रूपा देवांगण, मातृशक्ति स्वयं सेवी शिक्षक गौरी साहू एवं संजिता मानिकपुरी उपस्थित थे।

## हम सब मिलकर करेंगे शिवमहापुराण कथा को सफलः विधायक चंद्राकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम निकुम में जय महाकाल परिवार व समस्त ग्रामवासी निकुम सहित अंचल के गांव-गांव से मिलकर पहली बार अंतरराष्ट्रीय कथावाचक सिहोर वाले पं. प्रदीप मिश्रा निकुम आने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। पंडाल में भी तैयारी पुरजोर चल रही है, कथा के लिए चार डोम बन रहे हैं, जिसमें लाखों भक्त शिवमहापुराण की कथा सुनेंगे।

■ कलयुग को शिवयुग बनाने निकुम आ रहे सिहोर से पं . प्रदीप मिश्रा

वहीं क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर ने कथा स्थल में जाकर प्रशासन के संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजन को सफल बनाने व सुरक्षा, सुविधा की बारीकी से बैठक लिया। जिसमें पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, विद्युत विभाग सहित प्रशासन के आलाअधिकारी मौके पर उपस्थित थे। वहीं विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि कलयुग को शिवयुग बनाने कथावाचक पं.प्रदीप मिश्रा निकुम आ रहे है, हम सब मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने मेहनत करेंगे, वहीं सभी युवाओं व ग्रामीणों को कहा कि सभी कार्य शांत व्यवस्था व एकता से करेंगे जिसमें सभी का सहयोग जरुरी है। वहीं आयोजन में व्हीव्हीआईपी व्यवस्था, पंडाल, डोम, भोजनालय, पं मिश्रा के निवास की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिया।

### निःशुल्क भोजन प्रसादी वितरण में हाथ बंटायेंगे महिला समूह

खेल स्टेडियम में लाखों श्रध्दालुओं को निःशुल्क भोजन प्रसादी में चावल, दाल, सब्जी मिलेगी, जिसमें आसपास के ग्रामों से हजारों महिला व युवा ब्रिगेड टीम सहित अन्नदान सेवा समिति रुदा, निकुम के सदस्य सहित सभी सहयोग करेंगे। कार्यक्रम स्थल में पुलिस अधीक्षक दुर्ग, एडिशनल एसपी अभिषेक झा, एसडीओपी अनुप लकरा, थाना प्रभारी अंडा भानुप्रताप साव सहित कई पुलिस के अधिकारी लगातार मानीटिरिंग कर रहे पुलिस की तिरझी नजर रहेगी। वहीं संयोजक रुपेश देशमुख ने कहा कि सभी का सहयोग मिल रहा है।

## ब्लॉक स्तरीय स्टॉप डायरिया कैंपेन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के नगपुरा को सिविल अस्पताल नागपुरा में ब्लॉक स्तरीय 'स्टॉप डायरिया कैंपेन 2025' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुलेश्वरी देवांगन अध्यक्ष, जनपद पंचायत दुर्ग की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनएल बंजारे ने उपस्थित आमजन को डायरिया के कारण, उसके दुष्प्रभाव, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि डायरिया एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है, लेकिन समय पर सावधानी और उपचार से इससे बचाव संभव है। जनपद पंचायत अध्यक्ष देवांगन द्वारा सभी स्वास्थ्यकर्मियों को इस अभियान को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की सतत सेवा भावना की सराहना करते हुए सहयोग और सहभागिता की अपील की। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष के द्वारा की गई, जहां उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित 4 बच्चों को प्रतीकात्मक रूप से 2-2 ओआरएस पैकेट एवं 14-14 जिंक की गोलियां प्रदान कीं। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक राजेन्द्र वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सिविल अस्पताल प्रभारी डॉ.ज्योति धुर्वे, नरेन्द्र जैन, बलबीर राजपूत आरएमए, नागपुरा, लैब टेक्नोलॉजिस्ट गीतू देशमुख, जेएसए चोवाराम कंवर, साध्वी कंवर, मितानिन प्रशिक्षक नीता गायकवाड, वार्ड आया प्रतिभा नेताम सहित क्षेत्र की सभी मितानिन बहनें उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम न केवल जनजागरुकता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि डायरिया उन्मूलन की दिशा में सामूहिक प्रयासों का एक प्रतीक भी है।



■ डायरिया के कारण, उसके दुष्प्रभाव, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं

## सिकल सेल एसएस मरीजों को प्रदान किए दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**धमधा।** कलेक्टर जिला दुर्ग एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दुर्ग डॉक्टर मनोज दानी के प्राप्त दिशा निर्देशानुसार राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन कार्यक्रम अंतर्गत सिकल सेल एसएस मरीज के दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा के डॉक्टर डीपी ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी धमधा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सिकल सेल कार्यक्रम के अंतर्गत एसएस सिकल सेल धनात्मक मरीज का दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदाय किए जाने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में विकासखंड धमधा के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य संस्थानों से एसएस मरीज का कुल 90 मरीज का पंजीयन किया गया जिसमें 72 मरीजों को सत्यापित कर समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने के लिए चिन्हांकित किया गया। उक्त शिविर में जिला चिकित्सीय गठित टीम डॉक्टर केके जैन मेडिसीन विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय दुर्ग, प्रतिका पवार प्रोग्राम एसोसिएट दुर्ग, रजनीश डड़सेना समाज कल्याण विभाग दुर्ग, डॉक्टर विजेता डोंगरे शिशु रोग विशेषज्ञ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट, डॉ. प्रफुल्ल धीवर चिकित्सा अधिकारी धमधा, रिचा मेश्राम विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक धमधा, गोविंद सिंह धमधा नर्सिंग इंचार्ज, मीना पारकर सुपरवाइजर, संतोष कुंजाम लैब टेक्नोलॉजिस्ट, सरला देवांगन काउंसलर, गोपाल निषाद एवं पद अनुसार समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर को सफल बनाने में योगदान रहा।

## जरुरतमंद विद्यार्थियों को किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन/सेलूद

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज द्वारा संचालित शुभम छात्रवृत्ति योजना में खोरपा निवासी कमला धुरंधर के शोक कार्यक्रम में पति सहदेव प्रसाद धुरंधर, पुत्र दुष्यंत धुरंधर, गुलाब धुरंधर एवं परिवार के सभी सदस्यों ने निर्धन छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग के उद्देश्य से 5100 रुपए दान किया।



■ स्व . कमला धुरंधर की स्मृति में 5100 रुपए की दान

सहदेव प्रसाद धुरंधर ने कहा कि हम हमने शिक्षकीय कार्य करते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ने में योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी हमारे मन में लालसा थी कि हम किसी न किसी तरह से जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद कर सकें। समाज द्वारा की गई पहल प्रशंसनीय है लोग अनावश्यक ही दिखावे के चक्कर में खर्च कर डालते हैं लेकिन अगर हमारा एक छोटा सा योगदान किसी जरूरतमंद की जिंदगी संवारने में सहयोगी बने तो इसमें बुराई क्या है। पाटन राज प्रधान युगल आदिल द्वारा लगातार जरूरतमंद विद्यार्थियों, निर्धन कन्या विवाह जैसे कार्यों में सहयोग करने की अपील की जा रही है जिसके फलस्वरुप पाटन राज के स्वजातीय गण सहयोग कर रहे हैं। पाटन राज में रोटी बेटी के अलावा अन्य कार्यों को भी प्राथमिकता से करने का काम किया जा रहा है जिसकी वजह से अब समाज में युवाओं और बालिकाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। सुभम छात्रवृत्ति योजना से जरुरतमंद विद्यार्थियों को ब्याज मुक्त राशि पढ़ाई के लिए दी जाती है जिसे बाद में वापस करने का नियम है।

बिजनेस साइट

## कोटा स्टडी के विद्यार्थियों का नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** भिलाई तथा रायपुर में स्थित कोटा स्टडी सर्किल के छात्र-छात्राओं ने नीट 2025 में हुए एग्जाम्स में अपना बेहतर प्रदर्शन दिखाया एवं गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज तथा अन्य मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए योग्यता पाई। कोटा स्टडी सर्किल के छात्र तुषार साहू ने 586 नंबर, अदिति चंद्राकर 580 नंबर, मुस्कान जैन ने 577, अमित कश्यप 560, संतोष कश्यप ने 552, दिलीप बागबाहरा ने 545, इसी तरह संगीता मरावी ने 500 नंबर, उदित चौधरी ने 486 नंबर, आवाज ने 449, रिमी 447, नीलिमा 404 नंबर, सिमरन 364, नंबर 309 नंबर आदि छात्राओं ने कोटा स्टडी सर्किल भिलाई रायपुर तथा अपने गुरुजनों, अभिभावक, क्षेत्र का नाम, रोशन किया है। छात्रों ने बताया कि यहां का डिसिप्लिन युक्त वातावरण उचित प्रशिक्षित शिक्षकों की टीम, त्रुटि रहित स्टडी मैटेरियल, ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज एवं मोटिवेशनल क्लासेस, एवं सोशल मीडिया से दूरी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जो छात्र एवं छात्राएं सेलेक्ट नहीं हुआ है उनको घबराने की जरूरत नहीं है। उनको पुनः लग्न के साथ मेहनत करने की आवश्यकता है। इसके लिए कोटा स्टडी सर्किल टीम उनके साथ खड़ी है, छत्तीसगढ़ में स्थित कोटा स्टडी सर्किल भिलाई तथा रायपुर ब्रांच में 23 जून से नए बैचेस प्रारंभ करने जा रहा है। इच्छुक छात्र सेंटर पर पहुंचकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## बिना भवन अनुज्ञा के मकान निर्माण करने वालों पर कार्रवाई के दिए निर्देश

# आयुक्त ने अवैध निर्माण और जलभराव क्षेत्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन क्रमांक 1 माडल टाउन में निर्मित डामरीकृत रोड एवं सामुदायिक भवन निरीक्षण करने पहुंचे। वार्ड में डामरीकृत रोड निर्माण किया गया है, रोड किनारे मार्किंग के बाहर एक लेवल में रखने के लिए उप अभियंता को आदेशित किए, जिससे भविष्य में सड़क का किनारा खराब न हो। निर्मित सड़क के बीच नाली सफाई के लिए लोहे की जाली लगाया गया है, जिसमें स्लैब चेम्बर लगाकर ढकने के लिए कहा गया। तत्पश्चात वार्ड 3 पार्षद हरिओम तिवारी के साथ पूर्व से निर्मित सामुदायिक भवन का मुआयना किया। भवन में लगाया गया टाईल्स टूट कर उखड़ गया है, जिसे बदलने एवं बिजली वायरिंग कराने उपस्थित अभियंताओं को निर्देशित किए।



आयुक्त पाण्डेय वार्ड क्रं. 12 न्यू आर्य नगर कोहका क्षेत्र का भ्रमण करने पहुंचे, वहां स्थित तालाब की साफ-सफाई कराने, बरसाती पानी से तालाब भरने को प्राथमिकता देने एवं ट्यूबवेल के माध्यम से तालाब न भरने निर्देशित किए। न्यू आर्य नगर क्षेत्र में कुछ दलालों द्वारा अवैध रूप से प्लाटिंग करवाकर मकान निर्माण करवाया गया है, जो मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। बिना भवन अनुज्ञा के मकान निर्माण कर लिया गया है, जिसे नोटिस जारी कर कार्यवाही करने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं जोन सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला को निर्देशित किए। नागरिको से अनुरोध है कि दलालों के बहकावे में आकर प्लाट न खरीदे, दलाल फर्जी दस्तावेजों को दिखाकर नागरिको को फसाते हैं। प्लाट खरीदने से पहले पटवारी, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एवं निगम के भवन अनुज्ञा व राजस्व विभाग से संपर्क कर लें। जब ज्ञात हो जाये कि प्लाटिंग में कॉलोनाइजर एक्ट का पूर्णतः पालन किया गया है और स्थल सही है तभी प्लाट खरीदें। आर्य नगर में कच्ची सड़क पर बारिश के पानी का भराव हो गया है, जहां सड़क के किनारे नाली निर्माण के लिए निर्देशित किए, जिससे बारिश का पानी नाली के माध्यम से बाहर निकल जाए और पानी का भराव न हो। वहां से दीनदयाल कालोनी के समीप निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण किए, कार्य में तकनीकी कमी पाये जाने के संबंध में एजेंसी को नोटिस देने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, उप अभियंता बसंत साहू, चंदन निर्मल, जोन स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# बायो से नहीं हो रही उपस्थिति दर्ज, 26 दिन के अटेंडेंस पर 18 दिन का ही जमा हो रहा सीपीएफ

## सभी मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करने दर्ज नहीं करने पर ठेका श्रमिक यूनियन इंटक ने दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में में काम करने वाले हजारों ठेका मजदूरों अभी भी पूर्ण रुप से बायोमेट्रिक अटेंडेंस से उपस्थिति दर्ज नहीं की जा रही है। इससे प्रभावित मजदूरों का पूर्ण वेतन और पूरे दिन सीपीएफ में पूर्ण अंशदान जमा नही हो पाने से ईएसआईसी सुविधा में दिक्कत आ रही है।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के कार्यालय सेक्टर 4 में यूनियन कार्यकारिणी की हुई बैठक में बीएसपी के अधीन काम करने वाले श्रमिकों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया । बताया कि बीएसपी के 22 हजार ठेका श्रमिकों का अभी भी पूर्ण रूप से बायोमैट्रिक से उपस्थित नहीं जा रही है । इस कारण कुछ ठेका कंपनियां, जो रखरखाव और आउटसोर्सिंग के अंतर्गत कार्य कर रहे हैं टाउनशिप,ओएचपी, मिल्स, प्रोजेक्ट आदि विभाग में उपस्थिति और सीपीएफ में पूर्ण अंशदान नहीं दे रहे हैं । 26 दिन की उपस्थिति पर 15 से 18 दिन का ही सीपीएफ का अंशदान जमा किया जा रहा है। पूर्ण उपस्थिति का भी वेतन नहीं देते। मजदूरों ने मांग की कि बायोमैट्रिक अटेंडेंस होने से श्रमिकों को उनका पूर्ण वेतन और सीपीएफ में पूर्ण अंशदान जाएगा, जिससे ईएसआईसी और अन्य सुविधाएं मिलेगी।

बैठक में सीपी वर्मा, दीनानाथ सिंहसार्वा, मनोहर लाल, सुरेश श्याम कुंवर,आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह ,रिखी राम साहू संतोष ठाकुर ,सुरेश दास टंडन,देवेंद्र कुमार दामन लाल , दौऊलाल, यशवंतयादव मनहरण ,नारायण नरेंद्र,महेंद्र, उत्तरा संजीव कुमार ,कान्हाराम आदि उपस्थित थे।




### लिव कार्ड व वेतन पर्ची भी नहीं मिलती

बीएसपी के चारों शिफ्ट में कार्य करने वाले अधिकांश श्रमिकों को ठेका कंपनियों द्वारा निर्धारित छुट्टी व राष्ट्रीय अवकाश जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी, 2 अक्टूबर,अंबेडकर जयंती एवं निर्धारित छुट्टियां नहीं दी जाती। श्रमिकों के ऑनलाइन उपस्थिति में यह व्यवस्था बनाई जाए की छुट्टी राष्ट्रीय अवकाश एवं लीव कार्ड और वेतन पर्ची ठेका श्रमिकों को दी जाए। जिससे कि उनको मिलने वाले पूर्ण वेतन का पता चल सके। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय साहू ने कहा कि बीएसपी में 70% योगदान देने के बाद भी ठेका श्रमिकों को पूर्ण वेतन एवं सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। बायोमेट्रिक एवं लीव कार्ड, छुट्टी, राष्ट्रीय अवकाश ,केंद्रीय न्यूनतम वेतन, आवास ,रात्रि भत्ता साइकिल अलाउंस ,इंसेंटिव आदि अन्य मुद्दों के लिए बीएसपी प्रबंधन से बैठक कर ज्ञापन दिया जाएगा । आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** अग्रवाल मिनरल एंड केमिकल फैक्ट्री संचालक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि बीते दिनों उक्त फैक्ट्री में बड़ा हादसा हुआ था। जिसमें जयंती साहू नामक महिला की मौत हो गई थी। वहीं दो अन्य गंभीर रुप से घायल थे। पुलिस ने गवाहो का बयान लेकर एफएसएल टीम से घटना स्थल का निरीक्षण कराया गया। मृतिका अग्रवाल मिनिरल एण्ड केमिकल फैक्टरी में श्रमिक के रुप में काम करती थी। हादसा 14 जून की दोपहर को कार्यस्थल में फायर ब्रिक की चूरा को जम्बो बैग में भरकर क्रेन से लाया ले जाया जाता था। कंपनी के संचालक द्वारा सुरक्षा घेरा नही किया गया था। कार्य करने वाले कर्मी को सुरक्षा सामग्री हेलमेंट आदि नहीं उपलब्ध कराया गया। फायर ब्रिक से भरा हुआ जम्बो बैग को क्रेन से उठाकर ले जाने के दौरान बैग का बेल्ट टुट जाने से वजनी बैग जयंती साहू के ऊपर आ गिरा। जांच में कंपनी के संचालक द्वारा उपेक्षापूर्ण सुरक्षा व्यवस्था करना पाया गया।

### संयंत्र स्तरीय यूनिकोड वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा संयंत्र स्तरीय यूनिकोड एवं वॉइस टाइपिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 'मानव संसाधन विकास केन्द्र के भूतल स्थित सभागार में किया गया। प्रशिक्षण में भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों से नामांकित कार्मिक सम्मिलित हुए। महाप्रबंधक सौमिक डे ने कहा कि हिंदी में कार्यालयीन कामकाज को सरल व सहज बनाने सहित कम से कम समय में हिंदी टायपिंग के लिए सबसे आसान उपाय है यूनिकोड एवं ऑनलाइन वॉइस टायपिंग। हमें इसमें कोई संकोच नहीं होना चाहिए। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी । वरिष्ठ स्टाफ सहायक धनंजय कुमार मेश्राम ने ऑनलाइन वॉइस टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण से कर्मियों को चौतरफा लाभ होगा।

## मैत्रीबाग चिड़ियाघर में कई वन्यप्राणी उम्र के आखिरी पड़ाव पर

# कभी आकर्षण का केंद्र रहे उम्रदराज जानवर अब बन गए हमदर्दी के पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बुढ़ापा इंसानों के लिए ही जितना तकलीफदेह नहीं होता उससे कहीं अधिक बेजुबां वन्य प्राणियों के लिए भी पीड़ादायी होता है। मैत्रीबाग जू में कई उम्रदराज जानवर अपनी आयु के आखिरी पड़ाव पर हैं। कुछ साल पूर्व तक सैलानियों को आकर्षण का केंद्र रहे यह बेबस और असहाय यह जानवर और परिंदे अब उनकी हमदर्दी के पात्र बनकर रह गए हैं।

बीएसपी का मैत्रीबाग ट्विनसिटी ही नहीं बल्कि प्रदेश का भी एक प्रमुख पर्यटन केंद्र है। पचास साल पुराना यह चिड़ियाघर पर्यटकों के लोकरंजन के साथ बच्चों के लिए भी जू एजुकेशन का माध्यम बना हुआ है। करीब दो दशक पूर्व तक यह जू पच्चीसों प्रजाजियों के सैकड़ों पक्षियों और जानवरों से गुलजार था। करीब छह सौ वन्य प्राणी यहां की शान हुआ करते थे। लेकिन इस दौरान बाहर के चिड़ियाघरों से नए वन्य प्राणियों की आमद कम होने और अपनी औसत आयु के बाद जानवरों की मौत से वर्तमान में महज सवा तीन सौ वन्य प्राणी ही मैत्रीबाग में बचे हैं। इनमें कई जानवर व परिंदे उम्रदराज हो चुके हैं। तीन चार साल पूर्व तक इनकी उछलकूद और चहचहाहट से पूरा जू गुलजार होता था। लेकिन उम्र के आखिरी मोड़ पर अपने कैज में कहीं कोने में यह शारीरिक कमजोरी से असहाय व सुस्त पड़े रहते हैं। पर्यटकों की सहानुभूति व जू के कर्मियों की सतत देखभाल व पुचकार से युवा दिनों की यादों में लौटते दिखाई देते हैं। कुछ जानवरों के दांत व नाखून घिस चुके हैं और चलने फिरना भी मुश्किल से होता है। खाने में दिक्कत के कारण पाचन के लिए इन्हें मांस के महीने टुकड़े परोसे जाते हैं।

### जू के कर्मचारी सेहत और खानपान का रख रहे खास ख्याल





### कुनबे में तन्हा बचा वयोवृद्ध लायन राजा

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में कभी सिंग इज किंग लायन राजा की दहाड़ से पूरा मैत्रीबाग क्या मड़ौदा सेक्टर लरजता था। लेकिन आज यह वृद्धावस्था के चलते अपने एनक्लोजर में गुर्राने के लिए भी पूरी ताकत लगानी पड़ रही है। छह सात पूर्व तक यहां आधा दर्जन लायनों कुनबा सैलानियों के आकर्षण का केंद्र हुआ करता था। लायन राजा इस कुनबे का शंकर के बाद सबसे वरिष्ठ सदस्य था। सोलह साल की उम्र के इस वृद्ध नर लायन के दांत व नाखून खिस चुके हैं। कमजोरी के कारण उसे खाने में दिक्कत होती है और कर्मचारी महीने मांस के टुकड़े परोसते हैं।

### तेंदुआ को साथी का इंतजार

चिड़ियाघर में अब एक ही तेंदुआ है,जो अपना पांच साल पूर्व अपना साथी खो चुका है। पंद्रह वर्षीय यह नर तेंदुआ अपने एनक्लोजर में चबूतरे पर कभी सुस्त तो कभी धीमी चाल से चारों ओर चक्कर लगता रहता है। चिड़ियाघर में विपरीत मौसम में कर्मचारी इसका भी खास ख्याल रखते हैं। यह तेंदुआ दो महीने पहले उस समय सुखियों में आया जब बीएसपी के अंदर कहीं से एक तेंदुआ दिखने की खबर आम हुई थी। लेकिन मैत्रीबाग का यह तेंदुआ अपने कैज में सुरक्षित था। जल्द ही मैत्रीबाग में जंगल सफारी से प्रबंधन एक और तेंदुआ लाने जा रहा है, जिससे थोड़ी रौनक लौटेगी। इसके अलावा मैत्रीबाग में एक दो घड़ियाल, 1 सफेद टाइगर, तीन नील गाय दो दर्जन से अधिक हिरण व सांभर व चार पेलिकान, एक स्टुवर्ड स्टार्क आदि वृद्ध हो चुके हैं। दो वृद्ध भालू व दो क्रोकोडायल की मौत हो चुकी है।

# चोरी के सात वाहन जब्त चोर और खरीदार पुलिस पकड़ में

## एसीसीयू व उतई पुलिस की संयुक्त कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वाहन चोरी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है।एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वाहनों को बेचने की फिराक में कुछ युवक घूम रहे थे। एसीसीयू व उतई पुलिस की टीम ने ग्राम खोपली ईटा भट्ठा व उतई बाजार से दो युवको को पकड़ा। पूछताछ करने पर अपना ग्राम खपरी सिलौटी जिला धमतरी अर्जुन कोसरे, इंदिरा नगर उतई राजन डहरे उर्फ राजा होना बताया। आरोपीगणों द्वारा उतई क्षेत्र में देउरझाल तालाब के पास से बाइक महिला अस्पताल उतई, पाटन, कोतवाली धमतरी रायपुर क्षेत्र से भी वाहन चोरी करना स्वीकार किया। चोरी किए बाइकों को बासीन थाना जामगांव निवासी महेंद्र कुमार मंडले और ग्राम खोपलीडीह उतई तरुण कुमार गेंड्रे को बेचना स्वीकार किया।

■ उतई , पाटन और धमतरी, रायपुर से वाहन चोरी

### पुलिस ने आरोपियों से जब्त किया वाहन

- एक्टिवा सीजी 07 एएच 2168
- एक्टिव सीजी 04 केडब्ल्यू 8056
- एक्टिवा सीजी 07 सीव्ही 0 764
- एक्टिवा जुपिटर सीजी 07 बीयु 7330
- बाइक टीवीएस स्पोर्ट्स सीजी 04 पीएन 3107
- बजाज डिस्कवर सीजी 05 एस 7366
- बजाज पल्सर सीजी 07 सीक्यू 9509

# ब्रिटिश संसद से सम्मानित निर्वाना का राउरकेला में भी हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महाराजा अग्रसेन भवन राउरकेला में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं पश्चिम ओडिशा प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सामाजिक एकता, सशक्तिकरण और नवाचार जैसे विविध मुद्दों पर गंभीर मंथन किया गया। इस अवसर पर आरपी एस (रुंगटा पब्लिक स्कूल) की छात्रा निर्वाना अग्रवाल को सम्मानित किया गया। निर्वाना ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ लॉर्ड्स में आयोजित इंटरनेशनल बुक ऑफ अचीवर्स अवार्ड 2025 समारोह में भी सम्मानित हो चुकी हैं। यह सम्मान उन्हें बैरोनेस वर्मा द्वारा प्रदान किया गया। समारोह में घाना की रॉयल महारानी क्वीन विकी लेक्सटर, लॉर्ड राज लूंबा सीबीई, रागेश्वरी लूंबा, लॉर्ड कुलदीप सहोता सहित कई अंतरराष्ट्रीय विशिष्टजन उपस्थित रहे। समारोह में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग ने निर्वाना को पुष्पमाला, पटका एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर विशेष सम्मान दिया। गर्ग ने कहा निर्वाना अग्रवाल की उपलब्धि न केवल अग्रवाल समाज, बल्कि सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए गर्व की बात है। उन्होंने अपनी विलक्षण प्रतिभा से अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। उप-प्राचार्या दीप्ति सिंह ने उनकी इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य राजीव कुमार ने निर्वाना को आने वाले समय में और भी ऊंचाइयों छूने के लिए प्रेरित करते हुए बधाई दी। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां न केवल विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाती है।

# वरिष्ठ आरक्षकों की कार्यशाला में एसएसपी ने दी जानकारी

**भिलाई।** वरिष्ठ आरक्षकों व अनुसंधान प्रशिक्षण सह कार्यशाला का पांच दिवसीय आयोजन पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, सेवानिवृत्त डीएसपी राकेश जोशी,अजीत यादव मौजूद थे। एसएसपी विजय अग्रवाल द्वारा वरिष्ठ आरक्षको को प्रथम सूचना पत्र लेखबद्ध करने से लेकर न्यायालय में चालान पेश करने तक के मुख्य उद्देश्यों की जानकारियां दी। इसके अलावा छोटे-छोटे प्रकरणों को बीएनएस की धारा में कार्रवाई किये जाने के लिए विस्तार से समझाया। राकेश जोशी ने मारपीट के प्रकरण-साधरण चोंट, गंभीर चोंट, प्राणघातक चोंट, प्रारंभिक जानकारी, प्रकार, सूचना की प्राप्ति, एफआईआर लिखने को लेकर प्रशिक्षण और अजीत यादव ने सड़क हादसों में घायल, मृत्यु के प्रकरण, प्रारंभिक जानकारी, प्रकार, सूचना की प्राप्ति, एफआईआर लिखने को लेकर प्रशिक्षण में विस्तार से समझाया है। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर ,पुलिस लाइन डीएसपी चन्द्र प्रकाश तिवारी, नीलकंठ वर्मा समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।



# फाइन इंजीनियर्स कंपनी में चोरी मामले में चार गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फाईन इंजीनियर्स कंपनी में चोरी के मामला में पुलिस चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जामुल पुलिस ने कार्रवाई की है। घटना की शिकायत कैलाश नगर निवासी श्रेष्ठ अग्रवाल ने थाने में शिकायत किया था। लाइन इंडस्ट्रीज एरिया भिलाई में उक्कत कंपनी स्थित है। अज्ञात ने कंपनी से लोहे का नट-बोल्ड एवं क्लेपिंग प्लेट 7 हजार रुपए का पार कर आरोपी फरार हो गए थे। जामुल पुलिस ने घटना स्थल के आस-पास लगे सीसी कैमरो को खंगालने पर संदिग्ध किस्म के युवको का फुटेज मिला। फुटेज को मुखबिरों द्वारा हुलिया का शिनाख्त करने पर राजीव नगर खुर्सीपार निवासी संदेही लुकेश यादव उर्फ बाली को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर अपने साथी गौतम नगर खुर्सीपार निवासी उस्मान अली, राजीव नगर के. तरूण, रवि चौधरी के साथ मिलकर कंपनी में चोरी करना स्वीकार किया।

■ लोहे का नट-बोल्ड और क्लेपिंग प्लेट हुआ था पार

## इंडिया चेप्टर भिलाई का निर्माण में विनिर्देश पर व्याख्यान

# सड़क निर्माण में स्थानीय परिस्थितियों का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई स्थानीय केंद्र द्वारा सड़क निर्माण में विनिर्देश विषय पर तकनीकी व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि दीपक कुमार शर्मा पूर्व अपर महानिदेशक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय दिल्ली और विशिष्ट अतिथि डीके प्रधान, पूर्व प्रमुख अभियंता, छग शासन, रायपुर थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई केंद्र के चेयरमैन पुनीत चौबे ने की ।

श्री शर्मा ने अपने प्रस्तुतिकरण में कहा कि सड़क निर्माण में विनिर्देशों और मानको के पालन पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान में सड़क कि योजना बनाने और निर्माण करने में विनिर्देश (मोर्त ) के पांचवे संस्करण का पालन किया जा रहा है। मानकों के पालन नहीं किये जाने से दुर्घटनाओं में वृद्धि होती है तथा ख़राब सवारी गुणवत्ता की वजह से वाहनों के रखरखाव खर्च में भी बढ़ोतरी होती है। श्री शर्मा ने कहा कि जब वाहन पुल के एप्रोच और मध्य के जोड़ में पहुंचता है तो उसे झटका लगता है। श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी सड़क निर्माण की योजना बनाते समय स्थानीय इलाके की परिस्थिति का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है । डीके प्रधान, पूर्व प्रमुख अभियंता, छत्तीसगढ़ शासन, रायपुर ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारत के सड़क निर्माण के विनिर्देश अनेक मामलों में अमेरिका के सड़क सड़क निर्माण के विनिर्देश से बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि चूँकि अमेरिका में सड़क निर्माण के विनिर्देशों का पालन अक्षरशः होता है इस लिए उनकी सड़कें हमसे बेहतर हैं । श्री प्रधान ने कहा कि सड़क निर्माण में प्रयोग की जा रही सामग्री और निर्माण के दौरान उसकी जांच प्रयोगशाला में होते रहना चाहिए । ग्रामीण सड़कों के निर्माण में भी विनिर्देशों को मोर्त के अनुसार किये जाने की जरुरत है ।



### मानकों का पालन जरुरी

पुनीत चौबे ने कहा कि प्रति वर्ष दस लाख लोगों की मृत्यु सड़क दुर्घटनाओं में हो जाती है जो बहुत चिंताजनक है । सड़क निर्माण में लगे सभी घटकों को सड़क विनिर्देशों और मानकों का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए । पूर्व में भिलाई चेप्टर के मानद सचिव बसंत साहू ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता प्रदीप गुप्ता सेल के पूर्व कार्यपालक निदेशक एसके शर्मा सहित पीके तिवारी, बीपी यादव सहित बीएसपी व सेल रिफेक्ट्रीट के अधिकारी और स्टूटेंडे उपस्थित थे।



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
14 जुलाई, 14 अगस्त, 4 सितंबर, 15 सितंबर, 22 सितंबर, 27 सितंबर, 3 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 17 जून 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

02



पवार क्षत्रिय संघ की बैठक में सामाजिक एकजुटता पर जोर, छोटेलाल बने अध्यक्ष

**लाइव इवेंट**

## पुलिस विभाग के जवानों के दांतों की जांच के लिए शिविर



**भिलाई।** अग्रसेन भवन सेक्टर 6 में मेगा मेडिकल कैंप में निःशुल्क दंत चिकित्सा परीक्षण शिविर एवं चिकित्सा का आयोजन किया गया। इसमें 106 मरीजों ने दंत चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। 3 मरीजों के दांत निकाले गए। बाकियों के सुधार के संबंधी चर्चाओं में बताया गया दातों को स्वस्थ कैसे रखना है। प्रमुख रूप से इंडियन डेंटल एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. फातिमा खान एवं उनके सहयोगी डॉ. शाहिन हमदानी, डॉ. साइली कुरैशी, डॉ, सविता कब्डवाल, डॉ. श्रेणिक नाहटा, रूंगटा दंत चिकित्सा एवं महाविद्यालय से डॉ. कर्णिका यादव अपनी टीम के साथ मौजूद थे। आयोजित कार्यक्रम में डीजीपी अरुणदेव गौतम, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित अन्य भी शामिल हुए।

**सिटी इवेंट**

## यूके की कैम्ब्रेज यूनिवर्सिटी से एमओयू, अंग्रेजी में माहिर होंगे छात्र



**भिलाई।** प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्र अब अंग्रेजी के माहिर होंगे। कम्युनिकेटिव इंग्लिश के जरिए न सिर्फ उनकी पसर्नैलिटी बेहतर होगी, बल्कि ग्लोबल एक्सपोजर भी हासिल कर पाएंगे। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ-साथ फरार्टेदार इंग्लिश देश-दुनिया की नामी मल्टीनेशनल कंपनियों में जगह दिलाएगी। फ्यूचर इंजीनियर्स को उनकी मंजिल दिलाने के लिए मध्य भारत की पहली स्किल्स यानी यूनिवर्सिटी रूंगटा इंटरनेशनल स्किल्स ने इंग्लैंड की कैम्ब्रेज यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू साइन कर लिया है। सोमवार को हुए इस समझौते के तहत कैम्ब्रेज यूनिवर्सिटी की फैकल्टी रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को इंग्लिश का बी-१ सर्टिफिकेशन कराएगी। चार साल की इंजीनियरिंग के पहले ही साल इस सर्टिफिकेशन की शुरुआत हो जाएगी। स्पेशल एमओयू के तहत विद्यार्थियों को बेसिक इंग्लिश से शुरू करते हुए एडवांस फिर कम्युनिकेटिव इंग्लिश तक पहुंचाया जाएगा। खास बात यह है कि रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग के अलावा साइंस और मैनेजमेंट की पढ़ाई करने वाले भी इस सर्टिफिकेशन के हकदार होंगे। भारत की ऐसी कंपनियां जो अपने टेक इंजीनियर्स को विदेशी ब्रांच में नौकरी के लिए भेजती है, उनकी पहली प्राथमिकता कैम्ब्रेज यूनिवर्सिटी से इंग्लिश का यह अपस्केल सर्टिफिकेट हासिल कर चुके स्टाफ होते हैं। रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने विद्यार्थियों के हित और उनके भविष्य की तैयारी के मद्देनजर उनके हर कोर्स में इंग्लिश को तरजीह देते हुए कैम्ब्रेज का कोर्स जोड़ा है। कैम्ब्रेज का यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम अभी तक दिल्ली और मुम्बई जैसे टियर-१ शहरों में ही कराया जाता था, लेकिन रूंगटा पहला ऐसा संस्थान बन गया है, जिसने छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए इसे लॉन्च किया। रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने अपने इंजीनियरिंग, फार्मेसी, साइंस और मैनेजमेंट कोर्स के लिए एडमिशन शुरू कर दिए हैं। प्रदेश की पहली स्किल्स यूनिवर्सिटी होने की वजह से विद्यार्थियों ने पहले ही साल शानदार रिस्पान्स दिया है। अभी तक यूनिवर्सिटी में 43 फीसदी दाखिले पक्के हो गए हैं। एडमिशन के लिए विद्यार्थी कोहका स्थित रूंगटा आर-1 ग्रुप पहुंच रहे हैं। इसके अलावा 25 से 30 जून के बीच शुरू होने वाली तकनीकी शिक्षा संचालनालय की काउंसिलिंग से भी रूंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में दाखिले लिए जा सकते हैं।

**लाइव इवेंट**

## धनोरा में पर्यावरण को सहेजने ग्रीन आर्मी का हुआ गठन




**भिलाई।** धनोरा के उत्साही, जागरूक एवं पर्यावरण के प्रति सजग युवाओं ने ग्रीन आर्मी का गठन किया। इस दल के सदस्य अपने ग्राम को हरा भरा बनाने के लिए संकल्पित हैं। उनके द्वारा किए गए प्रयासों में ग्राम के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा धनोरा स्कूल में गत वर्षों से रोपे गए पौधों की निरंतर देखभाल की। उनमें खाद -पानी आदि की पूर्ति की। विद्यालय को हरा भरा रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस पुनीत कार्य को देखकर अनेक युवा उनके साथ शामिल हुए तथा प्रेरणा ली। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए इस ग्रीन आर्मी दल ने पिछले दिनों जागरुकता रैली भी निकाली। मां के नाम पौधे रोपे

● अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर तालियां बटोरने वाले पंथी नृत्य से युवा पीढ़ी विमुख, उन्हें जोड़ने हो प्रयास

# पंथी केवल नृत्य नहीं, एक जीवंत परंपरा, इसे सहेजना सामूहिक जिम्मेदारी, कलाकारों का भी बढ़े मान, तभी इसकी सार्थकता

**छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक माने जाने वाला पंथी नृत्य आज संकट के दौर से गुजर रहा है। कभी अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी कला का प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रौशन करने वाले पंथी कलाकार आज गुमनामी और गरीबी के अंधेरे में जीवन व्यतीत कर रहे हैं। कल तक जिनके पैरों की थिरकन पर पूरा मंच ताल देता था, आज वही पैर बेरोजगारी और अभाव के बोझ तले थक चुके हैं। अंतर्राष्ट्रीय पहचान बना चुके इन कलाकारों की आर्थिक स्थिति बेहद दयनीय हो चुकी है। कोरोना काल के बाद से कार्यक्रमों की संख्या घटी और सरकारी सहयोग भी धीरे-धीरे खत्म होता गया। पंथी केवल एक नृत्य नहीं, यह एक जीवंत परंपरा है और इसके संवाहक कलाकारों की अनदेखी, हमारी संस्कृति की अनदेखी के समान है। उक्त बातें पंथी कला से जुड़े बुजुर्ग हो चले कलाकारों ने कहीं।**

**भिलाई।** उन्होंने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि कई कलाकार जो पहले विदेशों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति का झंडा बुलंद कर चुके हैं, आज छोटी-मोटी मजदूरी या दूसरों की मदद पर निर्भर हो चुके हैं। सरकारी योजनाओं में नाम तो दर्ज हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर सहायता नगण्य है। अक्सर यह देखने को मिलता है कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नए चेहरों को मंच तो दिया जा रहा है, लेकिन पुराने और अनुभवी कलाकारों को भुला दिया गया है। समाज भी अब इनके योगदान को याद नहीं करता, और सिस्टम ने तो जैसे इन्हें सूची से ही हटा दिया हो। जरूरत है कि सरकार और समाज ऐसे कलाकारों की सुध ले, जिन्होंने अपनी कला से न सिर्फ छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया, बल्कि भारत की लोकसंस्कृति को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। इसके लिए सामूहिक प्रयास की जरुरत है। युवा पीढ़ी को अपने पुरानी और समृद्धशाली परंपरा और संस्कृति से अवगत कराना आवश्यक है। पंथी नृत्य जैसी कला आज धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। कलाकारों को वह सम्मान नहीं मिल पा रहा है, जो उन्हें मिलना चाहिए थे। शासन, प्रशासन और समृद्ध हो चुके कला-संस्कृति से जुड़े लोगों को इस तरफ ध्यान देने की जरुरत है। पिछले कुछ समय से हमारा इस परंपरा की उपेक्षा हो रही है। इसके बाद भी इस तरफ किसा का ध्यान नहीं है।



### प्रसिद्ध कलाकार दुकालू राम डहरिया से सीखी पंथी कला



पंथी अपने गुरु दुकालू राम डहरिया से सीखा और फिर पंथी को बना लिया जीवन का धर्म.1987 में रूस के 9 अलग अलग शहरों में लगातार 3 महीनों तक पंथी की प्रस्तुति दी, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया. इशुरी, कला रत्न, धरती पुत्र, देवदास बंजारे जैसे सम्मान मिले, अब तक 250 से ज़्यादा मंचों पर अपनी प्रस्तुति दी. सैकड़ों पुरुस्कारों से नवाजे गए.लेकिन एक बीमारी ने सबकुछ बदल दिया. पांव के अंगूठे से शुरू हुआ छोटा घाव धीरे-धीरे नासूर बन गया और एक दिन ऐसा हुआ जब पंथी के सुरमयी ताल को समझने वाले एक पैर को काटना पड़ा. मिलाप दास बंजारे ने ज़िंदगी भर कलाकारी की पैसे नहीं जोड़ सका और अब आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है और अब मजबूर कलाकार लोगों से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

### पंथी के पथिक मिलाप दास बंजारे, लोकनृत्य से विश्वस्तर पर बनाई पहचान



दुर्ग ज़िले के जरवाय गांव में जन्मे मिलाप दास के पैर महज़ 8 साल की उम्र में थिरकने लगे, घर की माली हालत ठीक नहीं थी. मां-बाप के साथ खेत में काम किया. लेकिन पंथी के लिए जुनून कभी कम नहीं हुआ, पंथी अपने गुरु दुकालू राम डहरिया से सीखा और फिर पंथी को बना लिया जीवन का धर्म। देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का मान-सम्मान बढ़ाने वाले कलाकार एक बीमारी में अपने पैर खो चुके हैं, कल तक पंथी के नृत्य में थिरकने वाले पैर अब नहीं रहे, हम बात कर रहे हैं पंथी के प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कलाकार मिलाप दस बंजारे की. पंथी सिर्फ़ नृत्य नहीं, बल्कि गुरु घासीदास जी के सिद्धांतों का चलता-फिरता स्वरूप है। इसमें आध्यात्मिकता, सामाजिक समरसता और सुधार का संदेश है। इसी संदेश को लेकर मिलाप दास बंजारे ने अपनी ज़िंदगी समर्पित कर दी। छत्तीसगढ़ की पवित्र माटी की महक को विदेशों तक पहुंचाया, जिसने पंथी नृत्य को विश्व मंच पर खड़ा किया। आज वही नाम गुमनामी और बीमारी की मार झेल रहा है। ये कहानी है मिलाप दास बंजारे की। पंथी का वो पुजारी, जिसने सब कुछ कला को दे दिया लेकिन अब अकेला है। दुर्ग ज़िले के जरवाय गांव में जन्मे मिलाप दास के पैर महज़ 8 साल की उम्र में थिरकने लगे, घर की माली हालत ठीक नहीं थी। मां-बाप के साथ खेत में काम किया, लेकिन पंथी के लिए जुनून कभी कम नहीं हुआ।

## सायबर क्राइम और इंटरनेट बैंकिंग फ्रॉड का शिकार तो 1930 नंबर पर करें कॉल

**भिलाई।** साइबर क्राइम, इंटरनेट बैंकिंग फ्राड और अन्य अपराधिक प्रकरण जागरूकता के लिए भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर 6 में यह सेमीनार हुआ।

- डॉ. भीमराव आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर-6 में कार्यशाला का आयोजन



कार्यक्रम में एसएसपी विजय अग्रवाल, पुलिस अधिकारी डॉ. संकल्प राय प्रमुख रूप से मौजूद थे। अध्यक्षता सविता मेश्राम ने की। आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष विनोद वासनीक ने किया। संचालन महासचिव रामराव ढोक ने किया। इस अवसर पर साइबर एक्सपर्ट ने साइबर क्राइम की घटनाओं से जुड़ी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार का अननोन कॉल आता है, उसे सोच समझकर अटेंड करें। जबाब भी सोच समझकर दें। किसी को भी अपना पासवर्ड, ओटीपी या अन्य जानकारी अपने संबंध में सांझा न करें। ऐसी कोई घटना होती है तो तुरंत सायबर क्राइम नम्बर 1930 को सूचित करें। इस अवसर पर डॉ. आंबेडकर शिक्षा मित्र सोसाइटी, तथागत समाज कल्याण समिति, तथागत म्यूजियम ग्रुप, तथागत महिला समिति प्रतिनिधियों के अलावा कृष्णा बंसोडकर, अशोक शामकुवर, प्रितेश पाटील, रंजू खोब्रागडे, बुद्ध प्रकाश मेश्राम, जेबी पाटील, वसंत नंदेश्वर, भागवत बागडे, रविन्द्र गाडगे, अनिल साखरे, धनंजय मेश्राम, आनंद चव्हाण, सुरेश श्यामकुंवर सहित अन्य मौजूद थे।

## तेलुगू भाषा के साहित्यकार रंगम श्रीनिवास की पुण्य तिथि पर गोष्ठी



**भिलाई।** प्रति वर्ष की तरह इस बार भी नेहरू सांस्कृतिक भवन सेक्टर 1 में तेलुगू भाषा के विख्यात साहित्यकार एवं कवि रंगम श्रीनिवास राव की पुण्यतिथि पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कला-साहित्य से जुड़े लोगों ने अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि के रूप में वाडबलिजा जातीय संघम के अध्यक्ष एल. जग्गनाथ, तेलुगु कवि वड्डी अप्पाराव, प्रवास आन्ध्र प्रजा नाट्य मंडली के सीएच श्रीनिवास उपस्थित रहे। कार्यक्रम का अध्यक्षता एम. बाबू राव ने की। मुख्य रूप से एम धर्मा राव, डी श्रीनिवास, मुगी वेंकट राव, चलपति राव, चिगट्टी गणपति राव, प्रवास आन्ध्र प्रजा नाट्य मंडली के एल. चैतन्या ने आभार व्यक्त किया।

अभा ग्राहक पंचायत की वार्षिक प्रांतीय बैठक में उपभोक्ताओं से जुड़े विषय पर चर्चा

# जागो ग्राहक जागो, मिलावटखोरी, ऑनलाइन खरीदी के नाम होने वाले फ्रॉड को लेकर तुरंत करें शिकायत

**कार्नर न्यूज**



दुर्ग। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत छत्तीसगढ़ प्रांत की वार्षिक प्रांतीय बैठक दुर्ग में हुई। इस बैठक में जागो ग्राहक जागो की तर्ज पर उन्हें जागरूक करने की दिशा में विशेष अभियान चलाए जाने को लेकर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। संगठन के प्रदेशभर से आए प्रतिनिधियों, जिला संयोजकों और पदाधिकारियों ने सहभागिता निभाई। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम तथा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।





### आगामी कार्यों की बनी कार्ययोजना, संगठन विस्तार का निर्णय

बैठक में आगामी वर्षों में होने वाले काम की कार्ययोजना, तैयार की गई। जिला स्तर पर समितियों के गठन, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, साथ ही विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उपभोक्ता शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कार्यशालाएं आयोजित तथा जनजागरण अभियानों की रूपरेखा पर भी निर्णय लिया गया। दुर्ग जिला अध्यक्ष देवाशीष घोष ने ग्राहक पंचायत की पूरी कार्य प्रणाली का व्याख्यान किया। उन्होंने स्पष्ट रूप से ग्राहक की शक्ति एवं ग्राहकों की सुरक्षा एवं उनके अधिकारों को परिकल्पित किया। बैठक में व्यापारिक गतिविधियों के फायदे और नुकसान पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस, प्रचार प्रमुख अशोक त्रिवेदी, अलंकार वशिष्ठ, डॉ. शोभा पंडित, रविकांत जायसवाल सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।बैठक में संगठन के विविध कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्य रूप से उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा, मूल्य वृद्धि, मिलावटखोरी, फूड सेफ्टी, ऑनलाइन खरीदारी में उपभोक्ताओं को हो रही समस्याएं, बाजार में हो रहे भ्रामक प्रचारों पर अंकुश, डिजिटल लेन-देन में हो रही उपभोक्ता ठगी तथा उपभोक्ता जागरूकता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।

### नई कार्यकारिणी घोषित, राकेश चंद्राकर प्रांत अध्यक्ष बने

बैठक में प्रमुख रूप से प्रांत की नई कार्यकारणी की घोषणा की गई। इसमें राकेश चंद्राकर प्रांत अध्यक्ष, डॉ. शोभा पंडित प्रांत उपाध्याय, देवेन्द्र कौशिक सचिव, विजय मानिकपुरी सह-सचिव, अजय पाध्ये कोषाध्यक्ष, रामपाल सिंह जादोन संगठन मंत्री, पूर्णिमा सिंह विधि आयाम प्रमुख, अनुराग त्रिपाठी विधि आ.प्र., सुनीता मानिकपुरी महिला आयाम प्रमुख, प्रिया अग्रवाल सहा. म.आ.प्र., उमेश पासवान प्रचार आयाम प्रमुख, बहिरू आवारे सहायक प्रचार आयाम प्रमुख, योगेश गांधी पर्यावरण प्रभारी, अमित वर्मा प्रान्त प्रशिक्षण प्रमुख शामिल हैं। बैठक के अंत में सभी प्रतिनिधियों ने उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

सिटी इवेंट

## दिगंबर जैन मंदिर पद्मनाभपुर का हुआ चुनाव, अध्यक्ष बने रमेश



**दुर्ग।** महावीर दिगंबर जैन मंदिर पद्मनाभपुर का पिछले दिनों चुनाव हुआ। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष रमेश बाकलीवाल को चुना गया। उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव राकेश जैन, सह सचिव शैलेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, सह कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य नितिन जैन, पंकज भारतीय, पीयूष कौशल, कमलेश जैन, मयंक जैन, ऋषभ जैन, सुमित जैन चुने गए। निर्वाचन के बाद प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सदस्यों ने समाज और मंदिर के हित में कुछ फैसले लिए। इनमें भविष्य में मंदिर में निमित्त कार्यक्रम, साधु सेवा, संघ और संतों की आहार विहार और धार्मिक कार्यक्रम यथा समय पूर्ण किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि रुके हुए कुछ कार्य तेजी से पूर्ण किए जाएंगे। विकास निरंतर चलता रहेगा। यह जानकारी समाज के संजय बोहरा ने दी।

धर्म लाइव

## नजरूल इस्लाम के सम्मान में उनकी रचनाओं का किया पाठ



**भिलाई।** प. बंगाल के विख्यात कवि नजरूल इस्लाम के सम्मान में ए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें उनकी रचनाओं का पाठ किया गया। कवि नजरुल इस्लाम की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में उनकी कविताओं और गाना की प्रस्तुति दी गई। ओए प्रगति भवन सिविक सेंटर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दीपेंद्र हालदार, वाणी चक्रवर्ती, परविंद सिंह, समरेंद्र विश्वास, तुषार सिंह, प्रभंजय चतुर्वेदी प्रमुख रूप से मौजूद थे। आयोजक सुबीर राय ने बताया कि प्रतिवर्ष इस प्रकार के आयोजन की कार्ययोजना बनाई गई है। आयोजित कार्यक्रम में सुदेशना सेनगुप्ता, एनके बंछोर, शक्ति चक्रबर्ती, मानव सेन सहित अन्य मौजूद थे। संगीतमय कार्यक्रम में प्रमुख कलाकारों में जोली सेन, सुजाशा सेन, भासवती बोस, सोनाली घोष, झरना कॉवर, शर्मिला दत्त सहित अन्य मौजूद थे।

लाइव इवेंट

## नीट में भावेश व पीईटी में केशव का चयन, विधायक ने किया सम्मानित



**भिलाई।** अंडा निवासी जयप्रकाश सिन्हा एवं चंद्रकला सिन्हा के पुत्र भावेश का चयन नीट में हुआ है। उनकी ऑल इंडिया रैंक 28000 है। साथ ही छोटे बेटे केशव सिन्हा ने पीईटी परीक्षा में 693वीं रैंक प्राप्त किया है। इस उपलब्धियां पर ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उनके निवास पहुंचे। उन्हें बधाई दी। शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित भी किया। भावेश और केशव गरीब परिवार से आते हैं। पिता कपड़ा सिलाई काम करते हैं। माता रोज़ी मजदूरी का काम करती है। भावेश डॉक्टर बनकर गांव की सेवा करना चाहता है। केशव इंजीनियर बनकर सेवा देना चाहता है। दोनों भाई की स्कूली शिक्षा गांव के स्कूल में हुई। भावेश ने 12वीं की पढ़ाई भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 में रहकर की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अजीत चंद्राकर, लोमस चंद्राकर, सरपंच दिग्विजय कुमार सिन्हा, तिलक चंद्राकर सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## जरुरतमंदों को कराया भोजना समय भी बिताया, बांटी खुशियां



**भिलाई।** रूपाली महतारी गुड़ी बहुउद्देशीय संस्था द्वारा फील परमार्थ सेक्टर तीन एवं राज्य बाल कल्याण परिषद माना रायपुर में जरुरतमंदों को भोजन कराया गया। इस दौरान सात्विक आहार परोसा गया। मुख्य रूप से चावल, दाल, सब्जी, खीर, पूड़ी, हलवा, रोटी का भोजन कराया गया। इस अवसर पर सेवा संस्था संरक्षक मिनेश साहू, शांता शर्मा, नन्दनी साहू, सारदा साहू, संरक्षक बिन्दु ठाकुर, सुनीता ने भोजन परोसने में सहयोग किया। यह आयोजन मेलबर्न आस्ट्रेलिया मेलबर्न की अंजु देवांगन के सहयोग से आयोजित किया गया।

● सदगुरु कबीर प्राकट्य समारोह गोकुल नगर पुलगांव में धूमधाम से मनाया गया

# कबीरा खड़ा बाजार में, सबकी मांगे खैर, न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर...जैसे संदेशों को दोहराकर कबीर को किया याद

**भिलाई। सदगुरु कबीर प्राकट्य समारोह गोकुल नगर पुलगांव में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण, कबीर साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं आरती पश्चात आमंत्रित संतों एवं अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। अध्यक्ष लेखराम साहू ने स्वागत भाषण दिया। आचार्य मंगल साहेब कबीर मठ नादिया ने कहा कि ऐसे सत्संग कार्यक्रम को मनाना तभी सार्थक होगा, जब हम कबीर साहेब के शब्द, साखी, रामैनी में वर्णित सत्य वचनों को अपने जीवन में उतारें। हम थोड़ी-थोड़ी बातों में दूसरों से बैर कर जाते हैं, जिसके लिए कबीर साहेब ने कहा है कि कबीरा खड़ा बाजार में, सबकी मांगे खैर, न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर। जब हम किसी को जीवन नहीं दे सकते तो किसी का जीवन लेने का कोई हक नहीं है। जियो और जीने दो के नियम को अपने जीवन में उतारें। धर्माधिकारी सत्येन्द्र साहेब ने कहा कि समाज में ऊंच नीच, छुआछूत की भावना हमें आपस में बांटती है, यही कारण है कि हम सदियों तक गुलाम रहे। ऐसी ही विकट परिस्थिति में कबीर साहेब का आगमन संवत 1456 में हुआ। उन्होंने समाज में फैली तमाम कुरीतियों, पाखंडों का पूरजोर विरोध किया। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना एक ऐसा ही जीता जागता उदाहरण है, जहां निर्दोष पर्यटकों की उनकी जाति धर्म पूछकर हत्या कर दी गई। यदि वैश्विक स्तर पर कबीर साहेब की वाणियों का अध्ययन मनन कराया जाए तो ऐसी घटनाओं का होना असंभव है।**



### भौतिक चक के कारण ही समाज में नशा और मांसाहार बढ़ रहा

समाजसेवी कबीर साहू ने कहा कि आज समाज भौतिक चका चौंध की ओर अधिक प्रभावित है, जिससे समाज में नशापान, मांसाहार जैसी अनेक प्रकार की बुराइयां पनप रही हैं। बाल्यावस्था से कबीर साहेब की प्रेरणा से मै ऐसी तमाम बुराइयों से दूर हूं। ऐसे आयोजनों से समाज को अच्छा संदेश प्राप्त होता है जिससे एक संस्कारित समाज का निर्माण हो सकता है। इस अवसर पर प्रमुख दानदाताओं, पदाधिकारियों और विशेष सेवाभावी सदस्यों का आचार्य मंगल साहेब के कर कमलों से सम्मानित किया गया। अंत में संतों की भेंट पूजा, आरती और भोजन भंडारा, आभार प्रदर्शन पश्चात समापन हुआ।

### संतों के सानिध्य और उनकी वाणी से परमात्मा की प्राप्ति

पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू ने कहा कि संतों की वाणी, उनका सानिध्य ही वह द्वार है, जहां से हमें परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है। जब जाति पाती, छुआछूत ऊंच-नीच अपने चरम सीमा पर थी, तब कबीर साहेब आए। वे पहले ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने कहा कि सभी मानव समान हैं, साहेब के दरबार में कोई भेदभाव नहीं है। वे सबके प्रति समान प्रेम और सद्भावना रखते है, सबका कल्याण चाहते हैं।जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि सभी जीव परमात्मा के अंश हैं। जाति पाती ऊंच नीच, रंग द्वेष हमारे द्वारा बनाए गए हैं, जिसे दूर करने कबीर साहेब जैसे महान संतो की वाणियों का श्रवण करना चाहिए और अपने जीवन में उतारना चाहिए।

### कबीर के अनुयायियों ने कार्यक्रम में की शिरकत

आयोजित कार्यक्रम में दुर्ग, राजनांदगांव, बालोज जिले के उनके अनुयायी शामिल है। प्रतिभावान और समाज में विशेष योगदान देने वालों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेरमेश साहू, नामदास साहू, अनुरूप साहू, चंद्रहास साव, सीता देवी, महंत डेरहा, रामाधार साहू, संतोष गोंड, चंद्रशेखर साहू, केआर कुल्हारा, खेमदास साहू, प्रीतम साहू, समलू राम साहू, साधुराम साहू, कुलेश्वर साहू, भक्तु साहू, संतकुमारी गोंड, डॉ. टीकम साहू, संतकुमार, मीडिया प्रभारी डॉ. दीनदयाल साहू, तीरथ साहू आदि उपस्थित थे।



आयोजन

## पवार क्षत्रिय संघ की बैठक में सामाजिक एकजुटता पर जोर, छोटेलाल बने अध्यक्ष



**राजाभोज मंगल भवन दीक्षित कॉलोनी नेहरूनगर में हुई बैठक**

**भिलाई।** राजाभोज मंगल भवन दीक्षित कॉलोनी नेहरू नगर में पवार क्षत्रिय संघ भिलाई-दुर्ग में नवीन कार्यकारिणी वर्ष 2025-2028 के गठन के लिए आमसभा बैठक हुई। बैठक में सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया गया। चक्रवर्ती पवार राजाभोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आमसभा में संरक्षक एवं सलाहकार मंडल द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन सचिव, युवा कार्यकारिणी, महिला कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया। इसमें संरक्षक भागवत प्रसाद देशमुख, अध्यक्ष छोटेलाल पारधी, महासचिव नीतिराज राहंगडाले, कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद भगत, संगठन सचिव एवं मीडिया प्रभारी डॉ. दिलीप चौधरी, उपाध्यक्ष पाण्डुरंग ठाकरे, जियालाल चौधरी, अजय बिसेन, सुंदरलाल पटले, बीके बिसेन, कार्यकारिणी सदस्य मोहिन्दर कटरे, किशोर राहंगडाले, महिला अध्यक्ष आशा शरणागत, युवा संगठन के अध्यक्ष डिलेश बोपचे चुने गए। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सामाजिक सद्भाव, एकजुटता और सांस्कृतिक गतिविधियों, शैक्षणिक एवं समरसता के भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। डॉ. योकराज कटरे एवं नंदलाल चौधरी ने कहा कि आज हमारा समाज चहुमुखी प्रगति की ओर अग्रसर है, जो रास्ता हमारे वृद्धजनों ने हमें दिखाया है। वह सफलता की ओर त्वरित रूप से बढ़ रहा है। जय राजा भोज के उद्घोष के साथ नवनियुक्त कार्यकारिणी के अध्यक्ष ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल चौधरी, संरक्षक चंदनलाल चौधरी, डॉ. योकराज कटरे, सूरजलाल पटले, एचके बिसेन, प्रभाकर खौसी, लेख सिंह राणा एवं सलाहकार मंडल मेघलाल बिसेन, बेनीराम चौधरी, एआर राहंगडाले, इंजी. राजेश बिसेन सहित अन्य मौजूद थे।

मिला सम्मान

## फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण सहित आठ पदक जीते



**राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में रहा दबदबा**

**भिलाई।** राजधानी रायपुर में 12 से 15 जून तक आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में फिटनेस किंग जिम के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 8 पदक जीते। सब जूनियर पॉवरलिफ्टिंग वर्ग में सिमरप्रीत कौर ने रजत पदक एवं डेड लिफ्ट में भी रजत पदक जीता। बलजीत सिंग ने पॉवरलिफ्टिंग में कांस्य पदक, बेंच प्रेस में स्वर्ण पदक और डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीता। सीनियर वर्ग में सौमभ घोष ने बेंच प्रेस में कांस्य पदक जीता। सीनियर वर्ग में ही रनजोत सिंग ने डेडलिफ्ट में कांस्य पदक हासिल किया। सीनियर महिला वर्ग बेंच प्रेस में लक्ष्मी देवी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। सभी खिलाड़ी विगत कई महीनों से जिम के कोच धर्मवीर सिंग के नेतृत्व में अभ्यास कर रहे हैं। कोच धर्मवीर सिंग ने उम्मीद जताई है कि उनके तैयार किए हुए खिलाड़ी भविष्य में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों की जीत पर टीम मैनेजर राजवीर सिंग, नवनीत कौर, डॉ. दर्शन सिंग , फतेहवीर सिंग, राजीव शर्मा, गुल्लू दास, अशोक देवांगन, लवदीप सिंग, देव कुमार, सागरदास साहू, नवीन गुप्ता, विकास प्रधान, प्रियांशु दास, दिलावर सिंग ने हर्ष जताया है।

अग्रवाल यूथ क्लब का फ्लड लाइट बॉक्स क्रिकेट 3.0 का आयोजन

## फ्लड लाइट क्रिकेट में 6 टीमों ने लिया भाग, अग्र योद्धा टीम बनी विजेता, गौरव रहे मैन ऑफ द सीरिज

कार्नर न्यूज



**दुर्ग।** अग्रवाल समाज दुर्ग के तत्वावधान में अग्रवाल यूथ क्लब द्वारा आयोजित आइस बॉक्स क्रिकेट 3.0 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इसका समापन समारोह अग्रवाल समाज के बायपास रोड स्थित महाराजा अग्रसेन वेलफेयर ट्रस्ट भवन में आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में कुल 6 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला अग्र योद्धा और रुंगटा पैंथर्स के बीच खेला गया। उत्साह से भरपूर फाइनल में अग्र योद्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टीम के कप्तान गौरव अग्रवाल थे। टीम ओनर रहे आशीष सेक्सरिया रहे। वहीं उपविजेता रुंगटा पैंथर्स की अगुवाई कप्तान राहुल सेक्सरिया ने की, और टीम के ऑनर साकेत रुंगटा थे। मैन ऑफ द सीरीज का खिताब ऑलराउंडर खिलाड़ी गौरव अग्रवाल को मिला। टूर्नामेंट के बेस्ट बॉलर उज्जवल अग्रवाल एवं बेस्ट बेस्ट मैन अतुल अग्रवाल रहे।



### युवाओं के जोश, अनुशासन और टीम भावना ने आयोजन को बनाया यादगार

इस अवसर को समाज के युवाओं के जोश, अनुशासन और टीम भावना ने यादगार बना दिया। सभी ने खिलाड़ियों के खेल भावना के जज्बे की प्रशंसा की। इस आयोजन को सफल बनाने में महावीर ग्रुप, भावभूमि एवं दुर्ग ट्रेड सेंटर ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे कमल रुंगटा, सत्यप्रकाश बंसल, बिमल सेक्सरिया, विजय अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, मनोज अग्रवाल, बृजमोहन गोयल, प्रकाश खेतान, पंकज कीर्तुका, मुरारी अग्रवाल, संजय गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष सरिता गोयल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### अहमदाबाद हादसे में मारे गए लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

इस अवसर पर अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन रखा गया। संस्था के अध्यक्ष आकाश गोयल ने बताया कि युवाओं के जोश, अनुशासन और टीम भावना ने आयोजन को यादगार बना दिया। महासचिव प्रतीक कीर्तुका ने जानकारी दी कि टूर्नामेंट की शुरुआत में दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद खेल की शुरुआत की गई। अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से ही समाज में एकजुटता बढ़ती है।

समाज के महासचिव ललित सेक्सरिया ने सभी टीमों की खेल भावना की सराहना की। मनोज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि अग्रवाल यूथ क्लब पिछले तीन सालों से यह टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है। एवाईसी सदैव रचनात्मक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता है।

सिटी स्पोर्ट्स

## बारिश के चलते अधूरा रहा मैच



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वूमेंस/ अंडर 23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत सोमवार को भिलाई के सिविक सेंटर और सेक्टर-1 में बारिश के चलते मैदान गीला होने की वजह से मैच पूरा नहीं खेला जा सका। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन ने 33 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाएं। कप्तान कृति गुप्ता ने 60 रन, कामना यादव ने 36 रन और सेजल वर्मा ने नॉट आउट 18 रन बनाए। गेंदबाजीमें नार्थ जोन की आंशी अग्रवाल ने तीन विकेट एवं किरण वर्मा ने एक विकेट लिए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर 1 में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध साउथ जोन में बल्लेबाजी करते हुए सेंट्रल जोन ने 15 ओवर में दो विकेट पर 67 रन बनाए। मानश्री मौर्य ने नॉट आउट 27 रन और मीनल यादव ने 20रन बनाए। गेंदबाजी में साउथ जोन की पल्लवी वर्मा एक विकेट लिए। एक खिलाड़ी रन आउट है। लीग मैचो के पश्चात प्रथम स्थान पर नॉर्थ जोन दूसरे स्थान पर साउथ जोन तीसरे स्थान पर सेंट्रल जोन चौथे स्थान पर ईस्ट जोन एवं पांचवें स्थान पर वेस्ट जोन रही।

## एयू के बेसबॉल टीम ने जीत से किया स्पर्धा का आगाज़

**रायपुर।** आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बेसबॉल प्रतियोगिता श्री जे. जे. यूनिवर्सिटी झुंझुनू के तत्वधान में आयोजित है। जिसमे अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी बिलासपुर की बेसबॉल टीम भी भाग ले रही है। टीम के कोच अख्तर खान ने बताया कि यूनिवर्सिटी की पुरुष टीम का पहला मैच एपेक्स जयपुर यूनिवर्सिटी से हुआ। जिसमे खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपने टीम के लिए रन बनाये और बेहतर खेल दिखाया। टीम ने यह मैच 10 – 00 से जीत लिया। शिवम सिंह, शत्रुघ्न, अभय सुमेर और भावेश ने अच्छा प्रदर्शन किया।

दूसरा मुकाबला विशाखापट्टनम विश्वद्यालय के साथ हुआ। जिसमें एयू के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 05–00 से मैच में विजेता बने। टीम के लिए बाबूलाल, शिवम और शत्रुघ्न ने रन बनाए। महिला वर्ग का मैच अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय विरुद्ध डी.ए.वी. यूनिवर्सिटी के मध्य हुआ। जिसमें महिला टीम ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 02–01 से मैच में अपना पहला जीत हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अंजली खलखो ने शानदार पीचिंग करते हुए यह मैच जिताया।

टीम ने रवाना होने से पूर्व विश्वविद्यालय की टीम का कोचिंग कैंप छत्तीसगढ़ स्कूल मैदान में आयोजित किया गया था। जहां खिलाड़ियों को फील्डिंग, कैचिंग, हीटिंग, और मैच प्रैक्टिस भी कराया गया था। विश्वविद्यालय के कुलपति ए.डी.एन बाजपाई, कुलसचिव शैलेंद्र दुबे, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ बसंत अंचल, मुकेश घोरे, डॉ.अजय यादव, डॉ सतीश गोयल, प्रदेश बेसबॉल संघ की अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, महासचिव मिताली घोष, टीम के कोच मैनेजर संदीप गाहिरे, तरन्नुम खान, लखन देवांगन, अंकुर रजक, योगेंद्र यादव, विकास यादव ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बास्केटबॉल समर लीग में 120 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा



**रायपुर।** 14 जून से बिलासपुर में शुरू बास्केटबॉल समर लीग-3 में 12 टीम भाग ले रही है। इस लीग में जो खिलाड़ी कैंप में भाग लिए थे उनके बीच यह स्पर्धा खेली जा रही है। शामिल खिलाड़ियों की कुल संख्या 120 है। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस टेकन विरुद्ध डिग्निटी 50-45, द्वितीय स्पेक्ट्रम विरुद्ध स्टार 43-37, तृतीय आइडल विरुद्ध रिस्पेक्ट चतुर्थ जीनियस विरुद्ध डिसाइडर 95-89 स्कोर रहा।

जूनियर खिलाड़ियों की टीम ने भी भाग लिया। प्रथम मैच वी वारियर्स विरुद्ध मिनी अचीवर्स 21-15, द्वितीय दिवस डिग्निटी विरुद्ध स्टार 65-49, टेकन विरुद्ध स्पेक्ट्रम 59-47 आइडल विरुद्ध डिसाइडर 35-24 और रिस्पेक्ट विरुद्ध जीनियस 44-39 से जीत हासिल की।

### हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं बताती हैं सेहत का हाल

# बेवजह की उदासी और लगातार चिंता ने घेर लिया तो जान लीजिए जरूरी बातें वरना बढ़ सकती है दिक्कतें

कई बार हमारा मन बिना किस कारण के भी उदास महसूस करने लगता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? डॉक्टर कहते हैं 'जब बिना वजह दिल भारी लगे, तो जरूरी है वजह को समझना।' आइए इसे समझते हैं। उदासी हो या खुशी ये दोनों हमारी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं हैं, जिनसे हमारे मूड का पता चलता है। किसी दुख, चिंता में मन उदास हो जाता है, वहीं अपनों से मिलने, सफलता प्राप्त होने पर खुशी का एहसास होता है। पर कई बार हमारा मन बिना किस कारण के भी उदास महसूस करने लगता है।



### बिना कारण उदास होना

बिना कारण हर वक्त उदास रहना अवसाद के कारण भी हो सकता है। अगर यह समस्या दो सप्ताह से ज्यादा बनी रहती है तो यह गंभीर मानसिक स्थिति का रूप ले सकती है। रिप्रोडक्टिव हार्मोन्स में बदलाव आने से भी दिनभर उदासी हो सकती है, ऐसा ज्यादातर महिलाओं में होता है। कई बार लोग कुछ ऐसी परिस्थितियों से गुजर रहे होते हैं, जिनका समाधान उनके पास भी नहीं होता है। ऐसे में न चाहते हुए भी उन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा सोचने लगते हैं और परेशान होने लगते हैं। इसका कारण काम का तनाव, किसी करीबी का बीमार होना, रिश्ते से जुड़ी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### क्या कहते हैं मनोचिकित्सक?

मौसम में बदलाव आने पर भी शरीर पर असर पड़ता है, जिससे जीवनशैली में बदलाव आता है। यह भी बेवजह उदास रहने और मूड बदलने का कारण बन सकता है। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ. एस धनंजय कहते हैं, जब बिना वजह दिल भारी लगे, तो जरूरी है वजह को समझना। डोपामिन और सेरोटोनिन की कमी अक्सर उदासी बने रहना का प्रमुख कारण हो सकता है। ये दो खास 'फील गुड' हार्मोन हैं। इनकी कमी से मूड खराब रहता है और लगातार थकावट या दुख का एहसास बना रहता है। इसके अलावा थायरॉइड की समस्या या हार्मोनल असंतुलन भी आपके मूड को प्रभावित कर सकती हैं।

### अक्सर उदासी बने रहने के इन कारणों को भी जानिए

अक्सर उदास रहने, काम में मन न लगने या चिंतित रहने के पीछे कई और भी कारण हो सकते हैं जिनके बारे में समझना जरूरी है। नींद की कमी या नींद में अनियमितता के कारण दिमाग को पर्याप्त आराम नहीं मिलता और इसका सीधा असर मूड पर पड़ता है। अध्ययनों में कुछ प्रकार के विटामिन्स जैसे विटामिन-डी और बी12 की कमी को भी आपके मूड को प्रभावित करने वाला पाया गया है। इसके अलावा बार-बार खुद को दोष देना, भविष्य को लेकर चिंता करना या पुराने अनुभवों को दोहराते रहना भी उदासी को बढ़ाता है।

### क्या है उपाय?

डॉक्टर कहते हैं उदासी की समस्या से बाहर आने के लिए करीबियों से अपनी भावनाएं साझा करें। मनपसंद गाने सुनें या मनपसंद कार्यों में ध्यान लगाएं। समस्या बढ़ने पर मनोवैज्ञानिक से संपर्क जरूर करें। अगर यह उदासी हफ्तों तक लगातार बनी रहती है, तो यह क्लिनिकल डिप्रेशन भी हो सकता है जिसे इलाज की जरूरत होती है, इसे अनदेखा बिल्कुल न करें।

## वास्तु अनुसार घर की छत पर न रखें इन्हें वरना झेलनी पड़ सकती हैं आर्थिक तंगी

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का हर कोना और स्थान किसी न किसी ऊर्जा का केंद्र होता है। छत पर रखी गई अनुपयोगी, भारी या नकारात्मक वस्तुएं जीवन में आर्थिक, मानसिक और पारिवारिक परेशानियों को जन्म देती हैं। जानिए वास्तु के अनुसार ऐसी चीजें जिन्हें घर की छत पर नहीं रखना चाहिए।

**टूटी-फूटी वस्तुएं या कबाड़ :** वास्तु के अनुसार छत पर टूटी चारपाई, फर्नीचर, लोहे का कबाड़ या बेकार पड़ी चीजें नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं। इससे घर में दरिद्रता और कलह का वातावरण बनता है।

**बंद पानी की टंकियां :** छत पर बेकार पड़ी पानी की टंकियां आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। यदि पानी की टंकी उपयोग में न हो तो उसे हटा देना चाहिए, अन्यथा यह रुकावट और मानसिक तनाव उत्पन्न कर सकती है।

**झाड़ू और पोछा :** कई लोग सफाई के बाद झाड़ू-पोछे को छत पर रख देते हैं, जो वास्तु के अनुसार अशुभ माना गया है। इससे लक्ष्मी का वास घर से हट सकता है और धन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**काले या गंदे कपड़े :** छत पर लंबे समय तक सूखने के लिए रखे गंदे या काले कपड़े भी नकारात्मकता बढ़ाते हैं। यह मानसिक तनाव और पारिवारिक कलह को बढ़ावा देते हैं।

**पुराने जूते-चप्पल :** अगर छत पर बेकार पड़े जूते-चप्पल जमा हैं, तो यह राहु और केतु जैसे अशुभ ग्रहों का प्रभाव बढ़ाते हैं। इससे जीवन में रुकावट और दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।



**बिना उपयोग की मशीन या इलेक्ट्रॉनिक्स :** टीवी, वॉशिंग मशीन या कूलर जैसी चीजें अगर खराब होने के बाद भी छत पर रखी हैं, तो यह आर्थिक तंगी और रोग बढ़ा सकती हैं।

**छत पर उग आई झाड़ियां या पौधे :** यदि छत पर काई, झाड़ियां या अनचाहे पौधे उग आए हों, तो यह घर की ऊर्जा को बाधित करते हैं और शनि दोष बढ़ाते हैं।

**तस्वीरें या मूर्तियां (खासतौर पर देवी-देवताओं की) :** वास्तु के अनुसार देवी-देवताओं की टूटी हुई या अनुपयोगी मूर्तियों को छत पर नहीं रखना चाहिए। इससे अनिष्ट फल प्राप्त होते हैं और पुण्य कर्मों का क्षय होता है।

## चैम्पियनशिप में दम दिखाया पावर लिफ्टरों ने

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में चौथी राज्य स्तरीय और दूसरी ओपन नेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन लाखेनगर चौक स्थित ताम्रकार जिम में किया गया। प्रतियोगिता में पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि किशोर महानंद और विशेष अतिथि पूर्व पार्षद द्वय पुरुषोत्तम देवांगन व श्रीमति कामिनी देवांगन के हाथों प्रदेश एवं देश के पावर लिफ्टरों को खिताब से नवाजा गया। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक पिंटू वर्मा, राजेश साहू, केशरी सीखा, सुरेश पटेल और श्याम लाल ठाकुर रहे। ताम्रकार जिम बेरला के 14 वर्षीय कृष्णा साहू 280 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन बने। सब जूनियर में दल्ली राजहरा के अखिलेश 467.5 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन, सब जूनियर में रविन्द्र मौर्या ने दल्ली राजहरा ने 402.5 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन का खिताब हासिल किया। सीनियर में बागबाहरा के गुरूदीप सिंह 620 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग मैन बने जबकि अनूपपुर के चंद्रकेश सिंह 630 किलो वजन उठाया पर बॉडी वेट से कट गया उसी प्रकार से महिला वर्ग मे सब जूनियर में रायपुर की आस्था झा 270 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमैनबनी। जूनियर वर्ग मे प्रिया हरपाल, दल्ली राजहरा की 265 किलो वजन उठाकर स्ट्रांग वूमैनजूनियर बनी। स्ट्रांग वूमैन दल्ली राजहरा की ललिता नायक 270 किलो उठाकर बनी जबकि अनूपपुर जिले कि अर्पना टोप्पो ने 290 किलो वजन उठाया लेकिन बॉडी वेट अधिक होने से स्ट्रांग वूमैन के खिताब से वंचित होना पड़ा। महिला मास्टर का खिताब 68 वर्षीय मनेंद्रगढ़ की कमला देवी मंगतानी को मिला। कवर्धा जिले की यशोदा ठाकुर का भी प्रदर्शन अच्छा रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप क्षत्रिय ने किया।






## नेशनल म्यूथाई में छत्तीसगढ़ को 5 स्वर्ण सहित 35 पदक, लौटने पर हुआ शानदार स्वागत

**रायपुर।** छठवीं अंडर एमएआई राष्ट्रीय म्यूथाई चैंपियनशिप 09-14 जून महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय इंडोर स्टेडियम, रोहतक (हरियाणा) में आयोजित की गई। जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए 05 स्वर्ण सहित 35 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के समापन के बाद सोमवार को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी लौट आए। रायपुर पहुंचने पर इन खिलाड़ियों और अधिकारी अमन यादव (भाजपा कला एवँ खेल प्रमुख) का शानदार स्वागत राज्य म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन के नेतृत्व महेन्द्र साहू, यश राय, रोशन नेताम, सामाजिक कार्यकर्ता अजय अग्रवाल, सुदेश अग्रवाल एवँ खिलाडियों के परिजनों ने रायपुर रेल्वे स्टेशन में किया। उल्लेखनीय है कि रायपुर के 26 खिलाड़ियों में 02 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 08 खिलाड़ियों ने रजत और 06 खिलाड़ियों ने काँस्य पदक जीता वहीं 10 खिलाड़ियों को कोई पदक नहीं मिला। छत्तीसगढ़ के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में स्वर्ण पदक आरवी अवस्थी (बस्तर, अंडर10 वर्ष, -25किग्रा), भार्गवी उइके (रायपुर,14-15 वर्ष, -57 किग्रा), युवराज सिंह (बस्तर, 16-17वर्ष, -86 किग्रा), प्रवीण कृष्ण जायसवाल (रायपुर, +23वर्ष, -81किग्रा), टिकेश्वरी साहू (दंतेवाड़ा +23वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट),रजत पदक ऐशिनी वर्मा (रायपुर, 10-11 वर्ष, -30किग्रा), अन्वी जैन (बस्तर,12 -13वर्ष, -40 किग्रा), हिमानी डरसेना (बालोद, 12–13 वर्ष, -44किग्रा), भुनेश्वरी महावीर (बस्तर, 14-15 वर्ष,-38 किग्रा), समिधा अग्रवाल (रायपुर, 14-15वर्ष, वाए क्रू), वेदांशी ठाकुर (बस्तर, 14-15 वर्ष,-48 किग्रा),खुशबू कश्यप (बस्तर, 16-17वर्ष, -45 किग्रा), गीताक्षी श्रीवास (बस्तर,16-17वर्ष,-57 किग्रा), दिव्या अग्रवाल (रायपुर, +23वर्ष, -45किग्रा), वाणी (बालोद, +23वर्ष, -60किग्रा), नित्यम कुमार (रायपुर, -9वर्ष, -28किग्रा), कुशाग्र कुमार साहू (रायपुर, 10–11 वर्ष, 44किग्रा), एलेक्स कुमार (बस्तर, 12-13 वर्ष, -40किग्रा), अर्चित केशवानी (रायपुर, 12 -13वर्ष, -52 किग्रा), कार्तिक वर्मा (रायपुर, 16-17 वर्ष, -48 किग्रा), आदित्य सोलंकी (रायपुर, अंडर 23वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट), काँस्य पदक में गरिमा नाग (बस्तर, 14-15 वर्ष,-40 किग्रा), साधिके दुबे (बालोद, 14-15वर्ष, -51किग्रा), जिया जायसवाल (बालोद, 16-17वर्ष,-48 किग्रा) .मानसी तांडी (रायपुर,-23वर्ष, वाए क्रू), वुक्केम विक्टर लेनिन चैतन्य (बस्तर, 10-11वर्ष,-30 किग्रा), शौर्य सिंह ठाकुर (बस्तर, 12-13वर्ष, -48 किग्रा), आदित्य युवराज (बस्तर, 12 -13 वर्ष,-50 किग्रा), हर्ष कुमार (बालोद, 16-17वर्ष, -54 किग्रा), युवराज सिंह (बस्तर, 16-17 वर्ष, वाए क्रू इवेन्ट), विकल्प द्विवेदी (रायपुर, अंडर 23 वर्ष, -81किग्रा), शुभम कुमार निषाद (रायपुर,+23वर्ष, -54किग्रा),पारस सावरकर (रायपुर, +23वर्ष, -57 किग्रा), आर्यन पटेल (रायपुर, +23 वर्ष, -60किग्रा), अनुभव राय (रायपुर, +23 वर्ष, -53.5 किग्रा), क्वार्टर फाइनलिस्ट (कोई पदक नही) वन्दना गोयल (बस्तर),सिमरन सिंह (बालोद), वंशिका बंछोर (बस्तर),मंजू साहू (रायपुर), दीपिका कश्यप (बस्तर), शिवानी वर्मा (रायपुर),मनन जवाहर (बस्तर), कल्पेश शोरी (बस्तर),चैतन्य साहू (रायपुर), ओम कुमार नुप्पो (बस्तर), शुभम बिस्वास (रायपुर),जय कुमार (रायपुर),विद्या कुमार सोनी (रायपुर),शुभम मानिकपुरी (रायपुर),लक्ष्मीनारायण साहू (रायपुर),भावजोत सिंह कोहली (रायपुर), विशाल हियाल (रायपुर) शामिल हैं।



कार्नर न्यूज

### दिन भर बैठकर काम करने वालों को ज्यादा होती है कंधे के दर्द की समस्या

# कंधे के दर्द से परेशान हैं और नहीं मिल रही राहत तो कीजिए योगासन का नियमित अभ्यास

दिनभर बैठकर डेस्क वर्क करने से शरीर का पोश्चर बिगड़ जाता है। साथ ही कंधे, कमर व पीठ में दर्द की शिकायत हो सकती है। कई बार गलत तरीके से सो जाने के कारण भी सुबह उठने पर कंधे व हाथों में दर्द होने लगता है। अक्सर कंधे पर भारी सामान उठाने, ज्यादा एक्सरसाइज करने से कंधे पर अत्यधिक खिंचाव के कारण मसल्स में तनाव बढ़ जाता है। उम्र बढ़ने के कारण हड्डियां कमजोर हो जाती हैं।




### योगासन रामबाण इलाज

कंधों में दर्द के कारण उठने बैठने और कई कार्य करने में समस्या होती है। इस दर्द से निजात पाने के लिए योगासन रामबाण इलाज हो सकता है। योग से कंधे का दर्द और कई अन्य शारीरिक समस्याओं से निजात मिल सकता है। कई योगासन हैं, जिनका अभ्यास अलग अलग समस्याओं से राहत दिलाता है। हालांकि कंधों के दर्द से छुटकारा चाहते हैं तो हलासन योग का अभ्यास नियमित तौर से करें। हलासन के अभ्यास से कमर व छाती के हिस्से में रक्त प्रवाह बढ़ाता है और गले व गर्दन के तनाव को कम किया जा सकता है। आइए जानते हैं हलासन के अभ्यास का सही तरीका और हलासन योग के फायदे।

### हलासन योग के फायदे

इस आसन को करने से थायरॉयड ग्रंथि से संबंधित समस्याओं से निजात मिलता है। कमर दर्द, सिर दर्द और इंसोम्निया की समस्या को कम किया जा सकता है। रीढ़ की हड्डी और कंधों को खिंचाव मिलता है और दर्द कम होता है। हलासन का अभ्यास तनाव और थकान को कम करने में सहायक है। जिन लोगों को वजन कम करना है, उनके लिए हलासन का अभ्यास फायदेमंद है। मेटाबॉलिज्म बढ़ाने और पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने के लिए भी हलासन लाभकारी है।



### हलासन के अभ्यास का तरीका

**स्टेप 1-** हलासन के अभ्यास के लिए मैट पर पीठ के बल लेटकर हथेलियो को शरीर से सटा लें।

**स्टेप 2-** अब पैरों को कमर से 90 डिग्री का कोण बनाते हुए ऊपर उठाएं। इस दौरान हाथों से कमर को सहारा दे सकते हैं।

**स्टेप 3-** सांस अंदर की ओर खींचते हुए टांगों को सीधा रखें और सिर की तरफ झुकाएं। ऐसा करने से पैर सिर के पीछे हो जाएंगे।

**स्टेप 4-** पैर सिर के उतना पीछे ले जाने का प्रयास करें, जिससे पैरों के अंगूठे जमीन को छू सकें। इस पोजिशन में कुछ देर स्थिर रहते हुए श्वास पर ध्यान केंद्रित करें।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# बीमार हुईं पॉप गायिका काइली मिनोग स्थगित किए वर्ल्ड टूर के चार यूरोपीय शो



पॉप गायिका काइली मिनोग बीमार हैं। ऐसे में उनके फैंस के लिए दुख की बात यह है कि उन्होंने अपनी बीमारी के चलते अपने चार आगामी शो स्थगित करने का एलान किया है। काइली मिनोग यूके में भीड़ को जमा करने के लिए अपने 'टेंशन' टूर पर प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन आवाज में दिक्कत की वजह से उन्हें अपने चार प्रोग्राम रद्द करने पड़े। 'टेंशन' टूर सात सालों में उनका पहला वैश्विक और उनके करियर का 16वां टूर है। उन्हें सोमवार को बर्लिन में प्रदर्शन करना था, उसके बाद पोलैंड, लिथुआनिया और एस्टोनिया में संगीत कार्यक्रम होने थे। पॉप गायिका ने अपने एक्स हैंडल पर प्रोग्राम के स्थगित होने का एलान किया है। काइली मिनोग ने एक्स पर लिखा 'मेरे प्रेमियों, जैसा कि आप में से कुछ लोग जानते होंगे, एक हफ्ता पहले हमने 'टेंशन' टूर का यूके में प्रचार किया। मैं लगभग कामयाब हो गई थी लेकिन बदकिस्मती से एक वायरल संक्रमण की चपेट में आ गई। मैंने सोमवार को अपना अगला कार्यक्राम शुरू करने के लिए जल्दी ठीक होने की कोशिश की लेकिन मुझे लगता है कि मुझे मंच पर वापस आने में और वक्त लगेगा। मुझे बहुत, बहुत खेद है! मेरे पास बर्लिन, लॉड्ज, काउनास और टालिन में शो को स्थगित करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।'

### टॉलीवुड

# तृषा और सेतुपति की '96' का आएगा सीक्वल सक्रिप्ट-शूटिंग को लेकर हुआ खुलासा



साल 2018 में रिलीज हुई साउथ फिल्म '96' का अब भाग 2 आने वाला है। इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म में तृषा कृष्णन और विजय सेतुपति ने अहम भूमिका निभाई थी। अब इसके सीक्वल को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। विजय सेतुपति और तृषा की प्रसिद्ध रोमांटिक फिल्म '96' का सीक्वल बनाया जा रहा है। निर्देशक प्रेम कुमार ने बताया कि सीक्वल की स्क्रिप्ट तैयार हो चुकी है और जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू होगी। पहली फिल्म अपनी भावनात्मक कहानी के लिए बहुत पसंद की गई थी। प्रशंसक राम और जानू की कहानी का अगला हिस्सा देखने के लिए उत्साहित हैं। फिल्म '96' एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन सी. प्रेम कुमार ने किया है। मद्रास एंटरप्राइजेज के एस. नंथगोपाल द्वारा निर्मित, फिल्म को ललित कुमार ने अपने बैनर सेवन स्क्रीन स्टूडियो के तहत वितरित किया था। इस फिल्म में विजय सेतुपति और तृषा कृष्णन ने राम और जानू के रूप में प्रमुख भूमिकाएं निभाई थीं। तृषा और विजय के अलावा फिल्म में गौरी जी किशन, आदित्य भास्कर, भगवती पेरुमल, देवदर्शिनी, आदुकलम मुरुगादॉस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म 1996 बैच के पूर्व छात्रों के स्नातक होने के बाईस साल बाद पुनर्मिलन के इर्द-गिर्द घूमती है।

### भोजपुरी

# पापा से पिटते-पिटते बचीं अक्षरा, तस्वीर शेयर कर बताया भोजपुरी क्वीन ने



भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह की अपने पिता के साथ काफी अच्छी बॉन्डिंग है। वे कई मौकों पर इसका जिक्र कर चुकी हैं कि यहां तक पहुंचने में उनके पिता ने भरपूर साथ दिया। जिंदगी के एक मुश्किल दौर में भी उनके पिता ही थे, जिन्होंने उन्हें हिम्मत दी और फिर से उठ खड़े होने में मदद की। अक्षरा सिंह ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो शेयर किया है। इस फोटो को देखकर पहली बार में लगेगा कि उनके पिता अक्षरा सिंह की पिटाई करने वाले हैं। तस्वीर में पोज कुछ ऐसा है कि पिता अक्षरा की तरफ थप्पड़ उछाल रहे हैं और अभिनेत्री अपना गाल सहला रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, 'मेरे पापा और दुनिया के हर पिता को हैप्पी फादर्स डे'। फादर्स डे पर ही अभिनेत्री अक्षरा की मां का भी जन्मदिन था। उन्होंने मां के साथ एक खूबसूरत वीडियो शेयर किया है। इसमें अक्षरा सजी-धजी नजर आ रही हैं। उनकी नाक से लेकर मांग तक सिंदूर लगा है। वीडियो के साथ अक्षरा ने लिखा है, 'जन्मदिन बहुत बहुत मुबारक हो मम्मा। ईश्वर तुम्हें हमेशा स्वस्थ और सुंदर रखें'। अक्षरा के दोनों पोस्ट पर यूजर्स के कमेंट्स सकारात्मक हैं। मगर, कुछ लोग सवाल कर रहे हैं कि बिना शादी के उन्होंने सिंदूर क्यों लगाया है। कुछ लोग इसे लेकर अदाकारा को ट्रोल भी कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'बिना शादी के सिंदूर लगाने का शौक'। हालांकि, फैंस अभिनेत्री के लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। साथ ही लिख रहे हैं, 'आप भोजपुरी इंडस्ट्री की शान हो'।

## भारतीयता का जलवा

लाइफ स्टाइल




इंडिया फैशन वीक पिछले दिनों नोवोटेल लंदन में हुआ। जिसमें भारतीय शादी और पारंपरिक परिधानों के कई ब्रांड शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य दक्षिण एशियाई शादी के परिधानों के लिए वन-स्टॉप शॉप प्रदान करना था। यहां कई भारतीय डिजाइनरों ने अपने कलेक्शन पेश किए। जिसे भारतीय मूल के अलावा ब्रिटेन के अन्य निवासियों ने भी खूब पसंद किया।

# गलत स्किनकेयर प्रोडक्ट्स से हो सकती है त्वचा को हानि, पहले पहचानें अपनी स्किन टाइप

हर कोई ये चाहता है कि उनकी त्वचा हमेशा दमकती और चमकती रहे, इसके लिए लोग महंगे-महंगे स्किन केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं। पर, कई बार इसका असर चेहरे पर दिखता नहीं है। इसकी एक वजह ये मानी जाती है कि ज्यादातर लोग अपनी स्किन टाइप के हिसाब से प्रोडक्ट नहीं करते, क्योंकि उन्हें अपने स्किन टाइप के बारे में पता ही नहीं होता है। इसी के चलते हम आपको यहां अपना स्किन टाइप पता करने के टिप्स देने जा रहे हैं। ताकि आपका चेहरा भी खिला-खिला रहे और आपक पैसे बर्बाद न हों।

**ऐसे करें अपनी स्किन टाइप की पहचान :** स्किन टाइप पता करने के लिए सबसे पहले माइल्ड फेसवॉश की मदद से अपने चेहरे को साफ करें। इसके बाद किसी भी प्रोडक्ट का इस्तेमाल न करें। अब अपने चेहरे को ऐसे ही एक घंटे के लिए छोड़ दें। एक घंटे के बाद आप पता कर सकते हैं, कि आपकी त्वचा का टाइप क्या है। इसके लिए टिशू पेपर को अपने माथे, नाक, गाल और ठुड्डी पर रखें और फिर इससे आपको जानकारी मिल जाएगी।



नीचे जानकारी दी जा रही है कि टिश्यू पेपर कैसे आपका स्किन टाइप पहचानेगा।

**यदि स्किन ऑयली है तो :** यदि आपके चेहरे पर काफी चमक आ गई है, यानी कि पूरे चेहरे पर पसीना है तो समझ लीजिए कि आपकी स्किन काफी ऑयली है। जिन लोगों की त्वचा ऑयली होती है, उनके चेहरे पर मुंहासे की दिक्कत काफी सामने आती है। ऐसे में हमेशा ऐसे प्रोडक्ट इस्तेमाल करें, जो पसीने पर रोक लगाते हों।

### यदि कॉम्बिनेशन स्किन है तो

यदि आपकी चेहरे पर सिर्फ टी जोन यानी कि माथा और नाक पर पसीना आया है तो मतलब है कि आपकी कॉम्बिनेशन स्किन है। कॉम्बिनेशन स्किन में सिर्फ टी जोन पर पसीना आता है, जबकि बाकी का चेहरा ड्राई रहता है। इसलिए ऐसे प्रोडक्ट इस्तेमाल करें जो कॉम्बिनेशन स्किन के लिए परफेक्ट हों। यदि चेहरा धोने के एक घंटे के बाद चेहरे पर खुजली हो रही है या फिर जलन मच रही है तो मतलब है कि आपकी त्वचा सेंसिटिव है। ऐसे लोगों को अपनी स्किन का खास ध्यान रखने की जरूरत है। सेंसिटिव स्किन पर कुछ भी काफी जल्दी रिएक्ट करता है, इसे कई बार परेशानी भी हो जाती है। इसलिए कुछ भी इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट करें।

# बॉडी टाइप के अनुसार चुनें बॉटमवियर सिंपल आउटफिट में भी दिखेगा परफेक्ट

फैशन





जब भी स्टाइलिंग की बात होती है तो हम सभी सिर्फ और सिर्फ अपर वियर पर ही फोकस करती हैं, जबकि बॉटम वियर पर भी उतना ही ध्यान दिया जाना चाहिए। अमूमन हम बॉटम वियर में कुछ भी पहन लेती हैं और फिर हमें वह लुक नहीं मिल पाता है, जो वास्तव में मिलना चाहिए। आपको शायद अंदाजा ना हो, लेकिन बॉटम वियर चुनते समय भी आपको अपनी बॉडी टाइप का खास ख्याल रखने की जरूरत होती है।

जब आप अपने बॉडी टाइप को ध्यान में रखते हुए बॉटम वियर चुनती हैं तो ऐसे में सिंपल आउटफिट में भी आपका लुक एकदम परफेक्ट नजर आने लगता है। आपको यह समझने की जरूरत है कि हर किसी के शरीर की बनावट अलग होती है। किसी के हिप्स थोड़े भारी होते हैं, तो किसी का पेट थोड़ा निकल जाता है।

**एप्पल शेप बॉडी :** इस तरह की बॉडी टाइप में मिड सेक्शन थोड़ा चौड़ा होता है, जबकि पैर स्लिम होते हैं। एप्पल बॉडी शेप के लिए हाई वेस्टेड जीन्स या ट्राउजर जैसे बॉटम्स सबसे अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि ये आपकी वेस्ट को हाइलाइट करते हैं। चूंकि एप्पल शेप्ड में पैर पतले होते हैं तो ऐसे में आप वाइड लेग पैंट्स या पलाज़ो को भी पहन सकती हैं, क्योंकि ये पैरों में एक वॉल्यूम लाते हैं, जिससे ऊपर का हैवीपन बैलेंस होता है। कोशिश करें कि आप ऐसी स्कर्ट्स को पहनें, जिनका बॉर्डर या हेमलाइन डिज़ाइन हो, क्योंकि ये ध्यान पेट से हटाकर नीचे की ओर खींचते हैं।

**पियर शेप बॉडी :** अगर आपकी पियर शेप बॉडी है तो इसका मतलब है कि आपके हिप्स और थाइज हैवी हैं, जबकि कमर पतली है। ऐसी बॉडी टाइप के लिए स्ट्रेट कट जीन्स या ट्राउज़र काफी अच्छे माने जाते हैं, क्योंकि ये हिप्स के चौड़ेपन को बैलेंस करते हैं। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो फ्लेयर्ड या बूटकट पैंट्स को भी पहन सकती हैं, क्योंकि ये नीचे ध्यान खींचते हैं और शेप को बैलेंस करते हैं। कोशिश करें कि आप डार्क कलर वाली बॉटम्स जैसे नेवी या ब्लैक को ही चुनें, क्योंकि इससे आपकी लोअर बॉडी अधिक स्लिम नजर आती है और आपका ओवर ऑल लुक बैलेंस दिखाई देता है।


**ऑवरग्लास बॉडी :** इस बॉडी टाइप में बस्ट व हिप्स बैलेंस होते हैं, जबकि कमर अधिक डिफाइन होती है। ऑवरग्लास बॉडी टाइप के लिए हाई वेस्ट जीन्स और पेंसिल स्कर्ट्स को चुनना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि वे कर्व्स को उभारते हैं और कमर को हाइलाइट करते हैं। अगर आप चाहें तो अपनी कमर को उभारने के लिए रैप स्कर्ट्स या ट्यूलिप स्कर्ट्स को भी स्टाइल कर सकती हैं।

# अपनी भौंहें संवारने आजमाए प्याज और मेथीदाना

घनी आइब्रो के लिए हम बाजार के सीरम या क्रीम की इस्तेमाल करते हैं। लेकिन आप चाहें तो इसके लिए घर पर मौजूद चीजों का इस्तेमाल करके इसके बालों की ग्रोथ अच्छी कर सकते हैं।

**आइब्रो को घना करने का आसान तरीका :** आप आइब्रो को घना करने के लिए आप बाजार के महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल कम करें और घर पर रखे मेथी दाने और प्याज को लगाना शुरु करें। इससे आपके आइब्रो के बाल घने होने शुरु हो जाएंगे। साथ ही, बाल काले भी नजर आएंगे।

**आइब्रो पर प्याज और मेथी दाने का इस्तेमाल कैसे करें :** इसके लिए आपको प्याज को कद्दूकस करके इसका रस निकालना है। फिर आपने जो मेथी दाने को रात के समय भिगोकर रखा है। इसे मिक्सी में अच्छे से पीस लेना है। मेथी दाने के पेस्ट को आपको एक कटोरी में निकालना है। इसमें कद्दूकस के निकाले हुए प्याज के रस को डालना है। इसके बाद इस पेस्ट को अच्छे से मिक्स करना है। इसे ब्रश की मदद से अपनी आइब्रो पर लगाएं। इसे थोड़ी देर के लिए आइब्रो पर लगा रहने दें। फिर इसे पानी से साफ कर लें। इस नुस्खे को महीनेभर तक ट्राई करें। आपकी आइब्रो घनी नजर आएगी।



### आइब्रो में प्याज और मेथी दाने को इस्तेमाल करने के फायदे

आइब्रो की ग्रोथ में प्याज के रस को इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ अच्छी होने लगती है। ऐसा इसलिए क्योंकि प्याज में सल्फर होता है। ऐसे में इसे लगाने से बालों में मजबूती आती है। इससे आइब्रो से कम टूटते हैं। इसलिए आप इसके रस का इस्तेमाल कर सकती हैं। मेथी दाने से प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड और लेसिथिन होता है। इससे बालों को प्रोटीन मिलता है। साथ ही, बाल झड़ने कम हो जाते हैं। इसे लगाने से आपकी आइब्रो घनी और काली नजर आती है। इसलिए हमारी दादी या नानी भी इसका इस्तेमाल करने की सलाह देती हैं। आप इन चीजों को लगाने से पहले चाहें तो एक बार एक्सपर्ट सलाह ले सकते हैं। साथ ही, पैच टेस्ट के बाद ही इसे लगाए। इससे आपकी आइब्रो घनी और काली नजर आएगी।

# रूसी से हैं परेशान तो अपनाएं ये घरेलू तरीके, मिलेगा डैंड्रफ से छुटकारा

त्वचा पर खुजली के अलावा बालों का झड़ना, बालों में डैंड्रफ होना, स्कैल्प पर खुजली की समस्या भी काफी आम है। सबसे ज्यादा परेशानी तो तब होती है, जब सिर पर डैंड्रफ हो जाता है। बालों में होने वाली रूसी को हटाने के लिए आप या तो पार्लर जा सकते हैं, या फिर कुछ घरेलू नुस्खे अपनाकर आप डैंड्रफ से छुटकारा पा सकते हैं। घरेलू नुस्खों के लिए आपको ज्यादा कुछ करना नहीं पड़ेगा।

**रूसी को हटाता है टी ट्री तेल:** ये तेल आपके बालों के लिए रामबाण साबित हो सकता है। अगर आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो टी ट्री तेल को नारियल तेल के साथ मिलाएं और इसे अपने बालों में लगाएं। कुछ ही दिनों में आपको डैंड्रफ से राहत मिलेगी।



**विनेगर :** सेब के सिरके का इस्तेमाल करके आप बालों की रूसी को खत्म कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आप एप्पल साइडर विनेगर और पानी को बराबर मात्रा में मिलाएं। अब इसे बाल धोने से पहले बालों में लगा लें। कुछ देर बाद बालों को धो लें।

**एलोवेरा :** एलोवेरा के इस्तेमाल से आप अपने बालों में होने वाले डैंड्रफ को हटा सकते हैं। इसके लिए सीधे ताजे एलोवेरा जेल को अपने बालों में लगाएं और कुछ समय बाद बालों को धो लें। ये जरूर आपको फायदा पहुंचाएगा।

**नींबू :** अगर आप नींबू का इस्तेमाल करना चाहते हैं तो पहले इसे एक बार टेस्ट जरूर कर लें। नींबू कई लोगों को सूट नहीं करता है। अगर ये आपको सूट करता है तो ताजा नींबू का रस अपने स्कैल्प पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करते हुए 5-10 मिनट के लिए छोड़ दें। ये रूसी को खत्म करने में मददगार होता है।

**बेकिंग सोडा :** बालों में बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करने के लिए आपको बस बालों को हल्का गीला करके बेकिंग सोडा के पेस्ट को बालों में लगाना है। कुछ दिन इसका इस्तेमाल आपको जरूर फायदा पहुंचाएगा।

## कार्नर न्यूज

## जानिए लोकप्रिय अभिनेत्रियां कैसे करती हैं खुद का मेकअप

आज के समय में ये कौन नहीं चाहता कि उनकी त्वचा ग्लो करे और हमेशा चमकती रहे लेकिन दमकती त्वचा पाना आसान नहीं होता। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। आज के वक्त में खासतौर पर लड़कियां अपनी ग्लोइंग त्वचा के लिए महंगे-महंगे ब्यूटी प्रोडक्ट इस्तेमाल करती हैं, पर कई बार इसका वैसा असर नहीं दिखता, जिसकी उम्मीद की जाती है। बॉलीवुड की अभिनेत्रियों को देखकर उनके जैसी त्वचा पाने की लालसा हर किसी के मन में पैदा होने लगती है।

# खूबसूरती का पैमाना बन चुकी तारिकाएं ऐसे संवारती हैं खुद को, आजमाइए इनके टिप्स



### प्रियंका का फेसपैक

प्रियंका अपनी खूबसूरत त्वचा का निखार बरकरार रखने के लिए होल व्हीट फ्लोर, हल्दी, नींबू का रस, फुल क्रीम योगर्ट और रोज वाटर को अच्छे से मिलाकर पैक तैयार करती हैं। इस पैक को कुछ देर के लिए चेहरे पर लगाकर चेहरा साफ कर लेती हैं। इस पैक की मदद से उनकी त्वचा दमकती रहती है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका की खूबसूरती का दीवाना तो हर कोई है। अपनी खूबसूरत त्वचा के लिए वो बेसन, दही, मलाई का पैक बनाकर चेहरे पर लगाती है। इसके इस्तेमाल ही उनकी त्वचा इतनी खिली-खिली रहती है।

### प्रियंका चोपड़ा

अपनी खूबसूरती से विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाने वालीं प्रियंका चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो महंगे ट्रीटमेंट की बजाए घर में बने हुए एक फेसपैक का इस्तेमाल ज्यादा करती हैं।



### अनन्या पांडे

अनन्या पांडे का चेहरा हर वक्त ग्लो करता है। अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए अनन्या 2 टेबलस्पून दही, हल्दी और हनी का पैक तैयार करती हैं। 15 मिनट के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाकर धोने के बाद चेहरा खिल उठता है।

### करीना कपूर

करीना की त्वचा को देखने के बाद तो हर कोई उनकी खूबसूरती का राज पूछता ही है। वो सैंडलवुड - 2 टेबलस्पून, विटामिन ई-2 ड्राप और थोड़ी सी हल्दी लेकर अक्सर पैक तैयार करती हैं और उसे अपने चेहरे पर लगाती हैं। यही उनकी खूबसूरत त्वचा का राज है।